# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 11 जनवरी 2025


# नगरीय निकायों में बैलेट नहीं, ईवीएम से ही चुनाव, अधिसूचना कभी भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकायों और त्रि स्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव की अधिसूचना किसी भी दिन जारी होने की संभावना है। जानकारों की मानें, तो किसी भी दिन अधिसूचना सामने आ सकती है। उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें, तो ये चुनाव तीन चरणों में हो सकते हैं। ऐसे संकेत मिले हैं कि इन चुनावों की आचार संहिता एक साथ लागू होगी और सब कुछ सही रहा, तो अगले 35 दिनों में चुनाव की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। हालांकि इससे पहले राज्य शासन और राज्य निर्वाचन आयोग चुनाव संबंधी सभी आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने में तेजी से जुटा है। इस बीच उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा है कि नगरीय निकायों के चुनाव ईवीएम से कराए जाएंगे।

राज्य में स्थानीय निकायों के चुनावों को लेकर लगातार अटकलें चल रही हैं। हालांकि राज्य शासन और राज्य निर्वाचन आयोग ने विभिन्न स्तरों पर तेजी से तैयारी ▶▶| शेष पेज 4 पर

### निकाय चुनाव ईवीएम से होंगे

नगरीय निकायों के चुनाव इस बार बैलेट पेपर के माध्यम से होंगे या ईवीएम से? इस सवाल को लेकर अभी संशय है, लेकिन नगरीय प्रशासन ए वं विकास विभाग के भारसाधक मंत्री और उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने इस संबंध में शुक्रवार को जो बयान दिया है, उससे लगता है कि निकायों के चुनाव ईवीएम से होंगे। श्री साव ने कहा है- चुनाव आयोग ई वीएम से चुनाव की तैयारी कर रहा है। अधिकारी चुनाव के लिए ईवीएम की टेस्टिंग कर रहे हैं। न्यायालय ने कई बार कहा है, ईवीएम में कोई छेड़छाड़ नहीं है। विपक्ष जिम्मेदारी से बचने ईवीएम पर ठीकरा फोड़ रहा है।

### मतदाता सूची प्रकाशन के बाद अधिसूचना



### इधर, कांग्रेस का वार

इधर, प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने एक बयान जारी कर कहा है कि संभावित हार से घबराकर भाजपा सरकार ईवीएम से चुनाव कराने जा रही है। पहले स्थानीय चुनाव बैलेट पेपर से कराने की घोषणा के बाद यू टर्न लेकर चुनाव ईवीएम से कराने का फैसला बताता है कि भाजपा चुनाव से घबरा रही है।

स्टार एयर की एंट्री

## झारसुगुड़ा-रायपुर के बीच हवाई मार्ग फिर आबाद, 1 फरवरी से नई फ्लाइट

*हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर*

*अगले माह से राजधानी रायपुर ओडिशा के झारसुगुड़ा से कनेक्ट हो जाएगा। स्टार एयर नामक विमानन कंपनी ने सप्ताह में चार दिन इसके लिए 76 सीटर फ्लाइट का संचालन करेगी। इस विमान के शुरू होने के बाद रायपुर में तीसरे विमानन कंपनी की एंट्री हो जाएगी। वर्तमान में रायपुर में निजी एयर लाइंस कंपनी इंडिगो द्वारा* ▶▶| शेष पेज 4 पर



### जगदलपुर उड़ान हुई थी बंद

*विंटर सीजन के शेड्यूल घोषणा के दौरान रायपुर-जगदलपुर के बीच संचालित होने वाली इंडिगो की उड़ान को स्थगित कर दिया गया। इसके पूर्व अलायंस एयर ने भी इस सेक्टर की उड़ान से अपना हाथ खींच लिया था। वर्तमान में दोनों शहरों के बीच एक भी विमान सेवा* ▶▶| शेष पेज 4 पर






### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार किसी पॉडकास्ट में लिया हिस्सा

# 'मेरी रिस्क लेने की क्षमता का पूरा इस्तेमाल नहीं हुआ' पीएम बोले- मैं सेटबैक पर रोने वाला इंसान नहीं

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार किसी पॉडकास्ट में हिस्सा लिया है। जीरोधा के सह-संस्थापक निखिल कामत ने पॉडकास्ट में उनसे बातचीत की। इस बातचीत में पीएम मोदी ने बताया कि उन्होंने अभी तक अपनी जोखिम उठाने की क्षमता का पूरा इस्तेमाल नहीं किया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

उन्होंने बताया कि उनके पास रिस्क लेने की क्षमता बहुत अधिक है। जब पीएम मोदी से यह सवाल किया गया कि उनके जीवन रिस्क लेने की क्षमता समय के साथ बढ़ रही है? इसका जवाब देते हुए पीएम मोदी ने कहा, मुझे लगता है कि मेरी अभी तक रिस्क लेने की क्षमता का भरपूर इस्तेमाल नहीं हो पाया है। बहुत कम हुआ है। रिस्क लेने की क्षमता बहुत अधिक है इसका कारण है। मुझे परवाह ही नहीं है। मैंने अपने लिए सोचा ही नहीं। जो अपने बारे में नहीं सोचा, उसके लिए रिस्क लेने की क्षमता बेहिसाब होती है। ▶▶| शेष पेज 4 पर



### 2047 तक समस्याओं का समाधान हो

पीएम मोदी ने कहा कि तीसरे टर्म में मेरी सोच बदल गई है। मेरा मनोबल ऊंचा है। मैं विकसित भारत के लिए 2047 तक सभी समस्याओं का समाधान चाहता हूं। सरकारी योजनाओं की ▶▶| शेष पेज 4 पर

### राजनीति का सफर आसान नहीं: मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, राजनीति का सफर आसान नहीं होता। कुछ लोग ऐसे होते हैं जिन्हें इस सफर में चीजें आसानी से मिल जाती हैं, लेकिन वह ज्यादा ▶▶| शेष पेज 4 पर

### रिस्क लेने का सुनाया किस्सा

इसी के साथ उन्होंने उन्होंने एक किस्सा सुनाया। यह किस्सा उस समय का है जब पीएम मोदी आरएसएस में काम करते थे और गाड़ी चलाना सीख रहे थे। ढलान देखकर उन्होंने गाड़ी का इंजन बंद कर दिया, क्योंकि उन्हें लगा कि ढलान में गाड़ी खुद ही नीचे चली जाएगी और इंजन बंद करने से पेट्रोल की बचत होगी।

### किसी कंफर्ट जोन में नहीं बिताई जिंदगी

पीएम मोदी ने बताया कि उन्होंने कभी किसी कंफर्ट जोन में जिंदगी नहीं बिताई। हमेशा कंफर्ट जोन के बाहर ही रहे, इसलिए उन्हें मालूम है कि कहां कैसे जिंदगी गुजारनी है। उन्होंने खुद को कंफर्ट जोन के लिए अनफिट बताया। पीएम मोदी ने कहा, अगर एक उद्योगपति भी कंफर्ट जोन से बाहर नहीं आता है तो उसका कंफर्ट जोन का लेवल अलग होगा।

### पुलिस टीम मौके पर पहुंची, ग्रामीणों से की जा रही पूछताछ

# मां-बेटी की जल कर मौत पिता फंदे पर लटका मिला





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

जिले के घरघोड़ा ब्लाक के ग्राम कमतरा में तीन लोगों की मौत के बाद सनसनी फैल गई है। इस पूरी घटना में सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि जिस घर में मां बेटी की जली हुई लाश मिली है वह घर पूरी तरह आग में जल चुका था और पास के ही एक पेड़ में एक युवक की फांसी पर लटकती हुई लाश मिली है। प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने पूरा प्रकरण हत्या से जोड़ा है जिसकी पुष्टि करने में पुलिस हिचकिचा रही है जबकि गांव वालों ने इसकी पुष्टि कर दी है। जानकारी के अनुसार घरघोड़ा ब्लाक के ग्राम कमतरा में रहने वाले सुरेश गुप्ता 26 वर्ष की लाश गांव में ही अपने घर के पास पेड़ पर फांसी में लटकती हुई मिली। आसपास के लोगों ने लाश को देखकर पुलिस ▶▶| शेष पेज 4 पर

### जल्द खुलासा

*तीन लोगों की मौत हुई है। इस पूरे मामले का खुलासा जल्द हो जाएगा। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दो लोगों की जली हुई लाश तथा एक की लाश पेड़ पर लटकी हुई मिली है।*

*-सिद्धांत तिवारी एसडीओपी धरमजयगढ़*

## खबर संक्षेप

### डीपीएस का एनुअल डे प्रोग्राम नवरस 15 को मुख्यमंत्री साय आएंगे



**बिलासपुर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल बिलासपुर का 16 वां एनुअल डे कार्यक्रम 'नवरस' 15 जनवरी को आयोजित किया गया है। तिफरा स्थित स्कूल कैंपस में शाम 5 बजे आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री कैप्टन अभिमन्यु करेंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में हरिभूमि आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक आयोजन के साथ साथ प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित किया जाएगा।

### कुपवाड़ा में हथियार और गोला-बारूद बरामद

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के एक वन क्षेत्र से सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने गुप्त सूचना पर वनक्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया। तलाशी अभियान में हथियार व गोला-बारूद बरामद किया गया।



### एंटी करप्शन ब्यूरो की कार्रवाई

## 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते बीईओ, शिक्षक और लिपिक गिरफ्तार



अनुराग बरई | मिथिलेश सिंह | राजकुमार प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीतापुर/अंबिकापुर

शुक्रवार को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी समेत तीन लोगों को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। आरोपियों ने शिक्षक से वेतन आहरण हेतु एलपीसी और सेवा पुस्तिका देने के नाम पर रिश्वत की मांग की थी।

- एलपीसी और सेवा पुस्तिका देने के नाम पर मांगे थे रुपए

शिकायत के बाद एसीबी की टीम ने ट्रैप कार्रवाई कर आरोपी बीईओ के साथ ही लिपिक और सहयोगी शिक्षक को पकड़ा है। इस कार्रवाई से जिले के साथ ही शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। फिलहाल एसीबी की टीम द्वारा आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि जशपुर जिले ▶▶| शेष पेज 4 पर

### गृह विभाग ने जारी किया पदोन्नति आदेश

## मीणा, लाल उमेंद, अजातशत्रु समेत 7 अफसर बने डीआईजी



जितेंद्र सिंह मीणा | डॉ. लाल उमेंद सिंह | अजातशत्रु बहादुर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों का पदोन्नति आदेश गृह विभाग ने जारी किया है। पांच अधिकारी डीआईजी से आईजी बनाए गए हैं। वहीं एसएसपी पद पर सेवाएं दे रहे सात अधिकारियों को डीआईजी बनाया गया है। साथ ही आठ अधिकारियों को सलेक्शन ग्रेड दिया गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों 31 दिसंबर को इन अधिकारियों के प्रमोशन के लिए डीपीसी की बैठक हुई ▶▶| शेष पेज 4 पर

### प्रमोशन पाने वाले अधिकारी

- डीआईजी से आईजी

जितेंद्र सिंह मीणा
बालाजी राव सोमावार
रामगोपाल गर्ग
दीपक कुमार झा
अभिषेक शांडिल्य

- एसएसपी से डीआईजी

डॉ. लाल उमेंद सिंह
डॉ. संतोष कुमार सिंह
अजातशत्रु बहादुर सिंह

▶▶| शेष पेज 4 पर

### प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी की पूर्व महापौर देशमुख से विशेष चर्चा

# जनता गिरीश से परिचित नहीं थी, इसलिए राजनांदगांव हार गए, बाकी हमारा काम जनता देख रही है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

खास खबर

मेरे कार्यकाल में राजनांदगांव को सौ करोड़ से ज्यादा की सौगात मिली। भाजपा ने कुछ नहीं किया। विधायक झांकने तक नहीं आते थे। जब कोरोना का समय आया तब लोग घरों से बाहर नहीं निकलते थे। उस वक्त हम राहत सामग्री लेकर घर-घर घूम रहे थे। हमने राजनांदगांव के विकास के लिए हर स्तर पर प्रयास किया। राजनांदगांव में कांग्रेस की हार पर उन्होंने कहा कि जब गिरीश देवांगन चुनाव लड़े तब जनता उन्हें पहचान नहीं पायी। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्य जनता तक नहीं पहुंचे। यह कहना है राजनांदगांव की पूर्व महापौर हेमा देशमुख का। हरिभूमि, आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने शहर विकास और राजनीतिक मुद्दों को लेकर चर्चा की। जिसमें पूर्व महापौर हेमा देशमुख से कई सवाल किए गए। जिसका जवाब महापौर ने राजनीतिक अंदाज में दिया।

### कोरोना के समय लोग घर से नहीं निकलते थे, तब हम घर-घर सेवा कर रहे थे




*सवाल - आपके पांच साल का कार्यकाल कैसा रहा?*

**जवाब** - कोरोना काल के 2 साल जनता की सेवा में बीत गए, जब घर से कोई नहीं निकलता था तो मेयर और निगम के कर्मचारी जनता तक राहत सामग्री पहुंचाने का काम करते थे। हमारी सरकार के दौरान कोरोना के बाद 2 साल के कार्यकाल में शहर का काफी विकास हुआ। राजनांदगांव में हरियाली हमारी सरकार की देन है। 5 साल में यहां के विधायक डॉ. रमन सिंह ने राजनांदगांव को पलटकर नहीं देखा। हमारी सरकार ने अधोसंरचना मद से शहर विकास के लिए 40 करोड़, राज्य परिवर्तित योजना से 50 करोड़, डामरीकरण के लिए 10 करोड़ की राशि दी। एक वर्ष में भाजपा शासन ने कुछ नहीं दिया।

**सवाल-** आपके कांग्रेस पार्षद को मोहरा वार्ड में पानी के लिए प्रदर्शन करना पड़ा, इस पर आपका क्या कहना है?

**जवाब** - अमृत मिशन केंद्र सरकार की योजना है। इस योजना में अधूरा कार्य हुआ। फिल्टर प्लांट के पास के वार्ड के लिए कोई प्रोजेक्ट नहीं बनाया गया, उस वार्ड को प्यासा छोड़ दिया गया। इस प्रोजेक्ट को अमृत मिशन-2 में जोड़ने का आश्वासन यह लोग देते रह गए, इसमें गलती किसकी है, पार्षद जिम्मेदार नहीं है।

**सवाल-** विधानसभा चुनाव में जनता ने कांग्रेस के प्रत्याशी को क्यों नकारा?

**जवाब-** विधानसभा और नगरीय निकाय के मुद्दे अलग-अलग होते हैं। हमारे प्रत्याशी को शायद जनता ने ▶▶| शेष पेज 4 पर


KALINGA INSTITUTE OF INDUSTRIAL TECHNOLOGY (KIIT)
Deemed to be University
(Established U/S 3 of UGC Act 1956), Bhubaneswar, Odisha, India

15th nirf Among Indian Universities Ranked by NIRF, Govt. of India
A++ Grade Accredited by NAAC
Tier 1 NBA Re-accredited by NBA All Engineering Programs for 6 Years
Special Consultative Status by the UN-ECOSOC
ABET (US) Accreditation
THE 601-800 University Ranking World University Rankings 2024
IET Accredited Programme The Institute of Engineering and Technology



KIITEE 2025
Apply Now through KIIT Websites www.kiitee.ac.in/www.kiit.ac.in
No Examination Fee (Computer-Based Online Test)

ACADEMIC PROGRAMMES AVAILABLE

UG (3 years/4 years)/Integrated (5 years) Programmes [All 4 years Programmes are with Honors/Research]

B.Tech Programmes
- Civil
- Construction Technology
- Electrical
- Electrical & Computer Science
- Mechanical
- Mechanical (Automobile)
- Aerospace
- Mechatronics
- Electronics & Telecommunication
- Electronics & Computer Science
- Electronics & Electrical
- Electronics (VLSI Design & Technology)
- Chemical
- Computer Science & Engineering (CSE)
- CSE (Artificial Intelligence & Machine Learning)
- CSE (Artificial Intelligence)
- CSE (Cyber Security)
- CSE (Data Science)
- CSE (Internet of Things & Cyber Security including Block Chain Technology)
- CSE (Internet of Things)
- Information Technology
- Computer Science & System
- Computer Science & Communication

UG Programmes in other Disciplines
- B.Design (Automobile/ Graphic/Product)
- B.Design (Fashion / Textile)
- B.Tech & M.Tech Biotechnology (5yrs)
- B.Tech (Lateral Entry)
- B.Arch
- BCA
- BBA
- B.Sc (Hospitality & Tourism)
- Bachelor of Film & Television Production
- Bachelor of Communication & Journalism
- BA Economics
- BA Sociology
- BA English
- BA Psychology
- BA French
- BA Spanish
- BA Japanese
- BA German
- B.Com
- B.Sc (Economics & Data Analytics)
- B.Sc Computer Science
- B.Sc Nursing
- B.Pharma
- D.Pharma

PG (1 year/2 years)/Integrated (5 years) Programmes
- M.Tech
- LLM (1yr)
- MCA
- M.Sc Biotechnology
- M.Sc Applied Microbiology
- M.Arch
- Master of Communication & Journalism
- Master in Urban & Regional Planning
- Master in Yoga & Naturopathy
- Master of Hospital Administration
- Master of Public Health
- M. Design (Interior)
- M.Sc Computer Science
- MA Economics
- MA Sociology
- MA English
- MA Psychology
- Master in Public Policy
- M.Com
- M.Sc Physics
- M.Sc Chemistry
- M.Sc Mathematics & Data Science
- Master in Library & Information Sciences
- Master in Physical Education & Sports
- M.Sc Nursing
- Integrated M.Tech & Ph.D
- Ph.D

CAMPUS PLACEMENT 2024 HIGHLIGHTS
700+ Companies
5585+ Job Offers
₹53 LPA Highest Salary Offered
₹8.50 LPA Average CTC
1500+ Paid Internships
1000+ Students with multiple job offers

Director, Admissions : Admission Cell, Koel Campus, Po- KIIT, Bhubaneswar-751024, Odisha, India,
Ph: 8080 735 735, Fax : 0674 - 2741465, Email: admission@kiit.ac.in, Website: www.kiitee.ac.in

KIIT (Deemed to be University) has only one permanent campus in Bhubaneswar, Odisha.
It has no other campus / off campus anywhere else in the country and globe.



|| HARE KRISHNA ||
HARSHIT LANDMARK
PREMIUM COMMERCIAL & RESIDENTIAL
RERA Reg. No. : PCGRERA270618000348
www.rera.cgstate.gov.in
SINGHANIA BUILDCON GROUP
Building lifestyle since 1993
3 & 4 BHK
Luxurious Apartment
PREMIUM 3 BHK
PREMIUM 4 BHK
A LIFESTYLE THAT PROMISES TO CHANGE YOUR LIFE.
✓Modern Amenities
✓Prime Location
✓Ready Possession
✓Budget Flats also Available
RING ROAD NO.-2, HIRAPUR CHOWK, RAIPUR
Call : 9827-321-321
A THEMED LUXURY LIFESTYLE INSPIRED BY WORLD-FAMOUS LANDMARKS
Podium Garden | Temple | CCTV | Shops | Covered Campus | 24x7 Security | Terrace Club | Gym | Kids Play Area and more...
PREMIUM RESIDENTIAL PLOT
WHERE DREAMS MEET REALITY
YOUR PERFECT PLOT AWAITS!
HARSHIT GOLD CITY
LIVE IN EL DORADO
Rera Reg. No. : PCGRERA040123001580
www.rera.cgstate.gov.in
ACTUAL PHOTOGRAPH
HARSHIT GOLD CITY
STARTING PRICE
₹8.99 LAKH
PLOT SIZE 600-1700 SQFT.
NARDAHA, VIDHANSABHA ROAD, RAIPUR
* T&C Apply
Call : 9827-321-321
www.singhaniabuildcon.com
Credai Member CREDAI Chhattisgarh
RERA APPROVED
32 YEARS OF EXPERIENCE
25+ RESIDENTIAL & COMMERCIAL LANDMARK PROJECTS
3 HOTELS & CLUBS PROJECTS
20000+ HAPPY FAMILIES

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



प्रयागराज महाकुंभ-2025

# एक छत के नीचे पांच देशों के संत करेंगे कल्पवास

- संस्कृतियों का होगा मिलन, पूर्वजों की पूजा भी करेंगे विदेशी संत-भक्त
- एक ही शिविर में जापान, रूस, यूक्रेन, भारत व नेपाल के संत-भक्त कल्पवास करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रयागराज

महाकुंभ में पहली बार दुनिया के पांच देशों की संस्कृतियां और परंपराएं एक छतरी के नीचे गलबहियां करती दिखेंगी। इस शिविर में जापान के साथ रूस और यूक्रेन के संत-भक्त अपनी संस्कृतियों के साथ समागम करेंगे ही उसी परिसर में भारत और नेपाल के भी साधु-गृहस्थ कल्पवास करेंगे। इस शिविर में यज्ञ वेदी भी बनकर तैयार है। वहां घरेलू वेदियों को बनाकर मंदिरों लोक देवी के साथ ही पूर्वजों और आत्माओं की पूजा भी होगी।



## कैलामाता की ओर से की गई व्यवस्था

शिविर के संयोजक खप्पर बाबा ने बताया कि श्रद्धा सेवा शिविर में पांच देशों के संतों-भक्तों की बसावट कैला माता की ओर से कराई जा रही है। इस शिविर में टाइल्स भी बिछाई जा रही है। शीशे की हवादार खिड़कियां तो होंगी ही, आरामदायक सोफे, पलंग भी बिछाए जा रहे हैं ताकि संतों को किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े। इसके लिए मेला प्रशासन की ओर से कोई सुविधा नहीं ली गई है।

## रबड़ी वाले बाबा : सुबह से रात तक बांटते हैं प्रसाद



महाकुंभ में एक बाबा पहुंचे हैं जो आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। श्री महंत देवगिरि (श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी) जो कि रबड़ी बाबा के नाम से मशहूर हैं। वो हर दिन सुबह 8 बजे रबड़ी तैयार कर लेते हैं। पहले इसका भोग कपिल मुनि और अन्य देवताओं को लगाते हैं। इसके बाद ही श्रद्धालुओं में बांटा जाता है। ऐसा बाबा 2019 से हर दिन नियमित रूप से करते आ रहे हैं। रबड़ी बाबा बताते हैं कि वे हर कुंभ में भी पहुंचते हैं और प्रसाद वितरित करते हैं।

## 1100 किमी पैदल चलकर अयोध्या पहुंचा छह साल का मोहब्बत



कहते हैं भक्ति में बड़ी शक्ति होती है। भक्ति की शक्ति क्या करवा सकती है। पंजाब में रहने वाले छह साल के बच्चे मोहब्बत को रामलला के दर्शन की ऐसी ललक थी कि उसने पंजाब से अयोध्या का 1100 किमी का सफर पैदल ही नाप दिया।

## 3000 किमी दूरी तय कर महाकुंभ पहुंची कलश रथ यात्रा

भरतपुर। कश्मीर के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व वाले शारदा पीठ से प्रारंभ हुई महाकुंभ अमृत कलश रथ यात्रा ने भारत की सांस्कृतिक और



धार्मिक परंपराओं को पुनर्जीवित करने का एक महत्वपूर्ण संदेश दिया है। यह यात्रा डांग क्षेत्र के नवलापुरा महाकाल मंदिर के महंत व राष्ट्रीय अनहद महायोग पीठ के पीठाधीश्वर संत रुद्रनाथ महाकाल विशाल जी महाराज के द्वारा शुरू की गई थी। यह अमृत कलश यात्रा लगभग 3000 किमी की दूरी तय करती है।

Ninh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## कोहरे की मार, दिल्ली एयरपोर्ट पर 100 से ज्यादा उड़ानों में देरी, ट्रेनें भी हुईं लेट

# 17 राज्यों में घना कोहरा, रेल और हवाई मार्ग पर असर, छग में पारा गिरा, कल बारिश के भी आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कड़ाके की सर्दी में कोहरे की दोहरी मार ने लोगों के लिए मुसीबत बढ़ा दी है। ठंडी हवाएं चलने की वजह से पूरा उत्तर भारत शीतलहर की चपेट में है जबकि पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी आफत बनीं हुई हैं। देश में तेज सर्दी के साथ घना कोहरा भी देखने को मिल रहा है। शुक्रवार सुबह एमपी और यूपी समेत 17 राज्यों में घना कोहरा रहा। इस कारण कई राज्यों में विजिबिलिटी घटकर जीरो हो गई। दिल्ली में धुंध के कारण 120 फ्लाइट लेट हुईं। 4 उड़ानों को कैंसिल करना पड़ा। वहीं, कई ट्रेनें भी दिल्ली स्टेशन पर निर्धारित समय से लेट पहुंचीं। इधर, छत्तीसगढ़ के उत्तरी हिस्से में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। 12 जनवरी को यहां बारिश के भी आसार हैं।

इन दिनों देश के अधिकांश इलाकों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। शुक्रवार को ठंड के साथ लोगों को कोहरे की भी मार झेलनी पड़ी। हालात ये रहे कि दिल्ली एयरपोर्ट पर शुक्रवार की सुबह 120 से भी ज्यादा उड़ानों में देरी हुई है। इससे यात्रियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। दिल्ली एयरपोर्ट पर घने कोहरे के कारण कम दृश्यता की स्थिति रही, जिससे हवाई सेवाओं का परिचालन प्रभावित हुआ।

### कोहरा और आंधी-बारिश

इसके अलावा, उत्तर भारत में अगले दो-तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में कल सुबह कोहरा और फिर रात को आंधी-बारिश की संभावना है। इसके बाद 13 जनवरी को सुबह कोहरे की स्थिति फिर से बन सकती है। साथ ही न्यूनतम तापमान में गिरावट हो सकती है।



दिल्ली एयरपोर्ट पर शुक्रवार की सुबह 120 से भी ज्यादा उड़ानों में हुई देरी



### दिल्ली की फ्लाइट आधी रात पहुंची रायपुर

कड़ाके की ठंड की वजह से विभिन्न क्षेत्रों से रायपुर आने वाले विमानों की आवाजाही बुरी तरह प्रभावित हुई है। रात 9.20 बजे रायपुर आने वाली दिल्ली की फ्लाइट रात सवा बजे रायपुर पहुंची, इस फ्लाइट को डायवर्ट किया गया था, ऐसी खबर है। इसी तरह अन्य फ्लाइट का संचालन भी अपने निर्धारित समय से ढाई से तीन घंटे विलंब से हुआ। विमानतल सूत्रों के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों पड़ रही ठंड ⏭ शेष पेज 4 पर

### तापमान में और गिरावट की चेतावनी दी



उत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों में शीतलहर तेज हो गई है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि इस क्षेत्र में तापमान में और गिरावट आने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण, सप्ताह के अंत में उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों में बारिश और बर्फबारी की संभावना है।

### छग में बारिश, इधर गिर सकते हैं ओले

मौसम विभाग ने बताया कि विक्षोभ के कारण पश्चिमी राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर राजस्थान, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तर पश्चिमी मध्य प्रदेश में आंधी और कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि भी हो सकती है। वहीं, 12 जनवरी को पूर्वी मध्य प्रदेश, दक्षिण-पूर्वी उत्तर प्रदेश और उत्तर छत्तीसगढ़ में हल्की बारिश और आंधी का अनुमान है।

### इन राज्यों में छाया रहेगा घना कोहरा

आईएमडी के अनुसार, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, पश्चिम मध्य प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित, बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद में अगले दो दिनों तक शीतलहर चलने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में कल तक घने से बहुत घने कोहरे की स्थिति का अनुमान जताया है।

### ईरान से आ रहा एक नया पश्चिमी विक्षोभ

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले समय में और कड़ाके की ठंड पड़ने वाली है। भारतीय मौसम विभाग की वैज्ञानिक सोमा सेन रॉय ने बताया कि एक नया पश्चिमी विक्षोभ ईरान के पूर्वी हिस्से से आ रहा है और अगले 24-48 घंटों में यह उत्तर भारत को प्रभावित करेगा। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि अगले 24 घंटों में रात का न्यूनतम तापमान कई जगह दो डिग्री से माइनस चार डिग्री सेल्सियस तक जाने की संभावना है। जबकि अगले एक सप्ताह के दौरान मौसम शुष्क बना रहेगा।

## कुसुम प्लांट हादसा: मृतक के परिजनों ने किया हंगामा, लापता लोगों की खोजबीन जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सरगांव/मुंगेली

मुंगेली जिले के सरगांव के पास रामबोड़ इलाके में स्थित कुसुम स्मेल्टर्स पॉवर प्लांट में हुए भीषण हादसे ने प्रदेश भर में हड़कंप मचा दिया है। इस प्लांट हादसे में मृतक मनोज कुमार धृतलहरे के परिजन ने शुक्रवार को प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए शव लेने से इनकार कर दिया है। परिजन का कहना है कि जब तक मृतक के परिवार को उचित मुआवजा नहीं दिया जाता और प्लांट में फंसे अन्य श्रमिकों को सुरक्षित बाहर नहीं निकाला जाता, तब तक अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा। बिलासपुर जिला अस्पताल के मरच्युरी में जमकर हंगामा किया। आखिरकार मुंगेली प्रशासन की ओर से 1 लाख रूपए की राशि मुआवजे के तौर पर दी ⏭ शेष पेज 4 पर

- जिला अस्पताल में पीएम के बाद शव ले जाने पर अड़े थे परिजन

### 24 घंटे से चल रहा रेस्क्यू ऑपरेशन

पावर प्लांट में हादसे के बाद बचाव व राहत का काम चल रहा है। चौबीस घंटे की मशक्कत के बाद भी जिला व पुलिस प्रशासन को वह सफलता नहीं मिल पाई है जिसकी दरकार ग्रामीणों वे राखड़ के नीचे दबे मजदूरों के परिजनों को है। चिमनी को भी अब तक हटाया नहीं जा सका है। चौबीस घंटे बाद पुलिस ने अब जाकर प्लांट प्रबंधन के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है। कुसुम ⏭ शेष पेज 4 पर

### इनके खिलाफ एफआईआर दर्ज

मृतक मनोज धृतलहरे के परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने कुसुम प्लांट का ऑपरेशन मैनेजर अनिल प्रसाद, इंचार्ज अमित केडिया, प्रबंधक एवं अन्य प्रबंधक एवं अन्य के विरुद्ध धारा 106 (1), 289, 3 (5) बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज किया है।

## खबर संक्षेप

### कोर्ट ने दिया ईडी अधिकारी को रिहा करने का आदेश



**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार किए गए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारी विशाल दीप को तत्काल 50,000 रुपये के निजी मुचलके पर रिहा करने का आदेश दिया। कोर्ट ने इस संबंध में की गई कार्रवाई में "कई बड़ी मौलिक खामियों" को रेखांकित किया।

### रामबन में ट्रक खाई में गिरा, दो की मौत



**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के रामबन जिले में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक ट्रक के खाई में गिर जाने से दो भाइयों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि लोहे की छड़ें लेकर जम्मू से कश्मीर जा रहा य ट्रक देर रात बैटरी चश्मा इलाके में मंकी मोड़ पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### मवेशी तस्करों पर बीएसएफ जवानों ने की गोलीबारी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तरी 24 परगना जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर बृहस्पतिवार रात बांग्लादेश के मवेशी तस्करों ने सीमा सुरक्षा बल के जवानों पर हमला किया। जवानों ने आत्मरक्षा के तौर पर जवाबी कार्रवाई करते हुए तस्करी के प्रयास को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया और 10 सांड़ बरामद किए।

### बलूचिस्तान में उग्रवादियों का पुलिस चौकी पर हमला



**कराची।** उग्रवादियों ने पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में एक पुलिस चौकी पर हमला किया और घटनास्थल से भागने से पहले पास के एक सीमेंट कारखाने की मशीनरी और उपकरणों में आग लगा दी। घटना कल मस्तुंग शहर में घटी। उग्रवादियों ने बंदूकें, गोला-बारूद, वायरलेस सेट लूट लिए।

### 8 साल की बच्ची की कार्डियक अरेस्ट से मौत



**अहमदाबाद।** थलतेज इलाके में स्थित जेबर स्कूल फॉर चिल्ड्रन में शुक्रवार को 8 साल की गार्गी नाम की बच्ची की कार्डियक अरेस्ट से मौत हो गई। गार्गी तीसरी कक्षा की छात्रा थी। सुबह स्कूल पहुंचने के तुरंत बाद उसने सीने में दर्द की शिकायत की। स्कूल प्रशासन के अनुसार, गार्गी एक कुर्सी पर बैठी थी, तभी अचानक वह गिर पड़ी।

## जमीन विवाद में एक ही परिवार के तीन की हत्या



हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

शुक्रवार की दोपहर केरता के डुबकापारा में खूनी संघर्ष में एक ही परिवार के तीन लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी गई। हत्या की मुख्य वजह जमीन विवाद बताई जा रही है। जमीन विवाद के दौरान लाठी-डंडे, टांगी व अन्य धारदार हथियारों से लैस होकर पहुंचे लोगों ने खेत में काम कर रहे लोगों पर हमला ⏭ शेष पेज 4 पर

- परिवार के लोगों ने दिया वारदात को अंजाम

### चल रही है जांच

जमीन विवाद में एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या की गई है। घटना की जांच व कार्रवाई के निर्देश दिए गए है। जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा। कुछ संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

- प्रशांत ठाकुर, एसएसपी, सूरजपुर





### एसडीएम न्यायालय से आया था फैसला

बताया जा रहा है कि मृतिका बसंती टोप्पो आंगनबाड़ी कार्यकर्ता है और महिला को उसके मायके पक्ष की तरफ से लगभग 7 एकड़ जमीन मिली थी और इसी जमीन को लेकर परिवार के ही लोगों में आपसी विवाद था। जमीन पर अपना अधिकार पाने के लिए परिवार लम्बे समय से संघर्ष कर रहा था। दो महीने पहले ही जिला सत्र न्यायालय और एसडीएम कोर्ट से मृतिका बसंती टोप्पो के पक्ष में फैसला आया था जिसके ⏭ शेष पेज 4 पर

## इस साल तीन लाख, अगले साल भी इतने ही मकान बनेंगे, खेती के लिए 203 करोड़ की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस साल तीन लाख तीन हजार पीएम आवास बनाने की स्वीकृति पत्र मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को मंच पर ही सौंपा। उन्होंने कहा इस साल तीन लाख मकान की स्वीकृति दी हैं, इतने ही मकान छग में अगले वित्तीय वर्ष में बनाए जाएंगे। इस दौरान उन्होंने बागबानी खेती के लिए 203 करोड़ रुपए की भी स्वीकृति दी ⏭ शेष पेज 4 पर

- केन्द्रीय मंत्री ने कहा- मप्र और छग दोनों भाई यहां बार-बार आने मन करता है

### केंन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने दी सौगात



### यह रहे मौजूद

कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा व अरूण साव, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, मंत्री केदार कश्यप, विधायक गजेन्द्र यादव, ललित चंद्राकर, डोमनलाल कोर्सेवाडा, रिकेश सेन, ईश्वर साहू आदि मौजूद थे।

### शिवराज ने सीएम साय को लिखा पत्र, 3 लाख आवास का लक्ष्य बढ़ाया

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के संबंध में लक्ष्य बढ़ाने की बात कही है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि पूर्व की सर्वेक्षण सूची में आपके राज्य में 8 लाख 61 हजार 931 घरों का लक्ष्य आवंटित किया गया था। मुझे बताते हुए खुशी हो रही है कि पीएम आवास ग्रामीण के तहत 2024-25 के ⏭ शेष पेज 4 पर

## तेलगांना के सूर्यापेट में सड़क हादसा, 4 की मौत, 17 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जगदलपुर से ओडिशा होते हुए हैदराबाद जा रही यात्री बस तड़के घने कोहरे के चलते रेत से भरी ट्रक से टकरा गई। इस भीषण हादसे में बस में सवार चार यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं 17 अन्य घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए सूर्यापेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक जगदलपुर से हैदराबाद जाने वाली गुप्ता ट्रेव्हल्स ⏭ शेष पेज 4 पर

- तड़के हैदराबाद जा रही जगदलपुर की बस रेत से भरे ट्रक से भिड़ी

### घायलों का अस्पताल में चल रहा है इलाज



### कई यात्रियों को गंभीर चोट

बताया जा रहा है कि इस हादसे में कई यात्रियों को गंभीर चोट आई है, जिनका इलाज जारी है। पुलिस मामला दर्ज कर घटना के कारणों की जांच में जुटी है। वहीं हादसे में छग व ओडिशा के मारे गए व घायलों के शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

## 24 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता नोवाक जोकोविच का दावा

# हिरासत में दिया गया था जहर, टेस्ट में हुआ खुलासा

एजेंसी ⏭ मेलबर्न

सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने साल के पहले ग्रैंडस्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले बड़ा दावा किया है और कहा कि जनवरी 2022 में ऑस्ट्रेलिया में क्वारंटीन के दौरान उन्हें जहर दिया गया था। 24 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता जोकोविच को 2022 में ऑस्ट्रेलियन ओपन से ठीक पहले कोविड-19 का टीकाकरण नहीं कराने के कारण डिटेन किया गया था।

ऑस्ट्रेलिया में उस वक्त नियम था कि कोई भी बिना कोविड-19 टीकाकरण के देश में नहीं आ सकता है और जोकोविच पर आरोप था कि उन्होंने ग्रैंडस्लैम में हिस्सा लेने के लिए मेलबर्न की यात्रा करने के दौरान गलत जानकारी दी थी। ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले उनका वीजा रद्द कर दिया गया था और बाद में उन्हें ऑस्ट्रेलिया से वापस भेजा गया था। जोकोविच ने इसके लिए कानूनी लड़ाई लड़ी थी और इस दौरान उन्हें मेलबर्न के एक होटल में रखा गया था। जोकोविच एक बार फिर ऑस्ट्रेलियन ओपन में हिस्सा लेने पहुंचे हैं जहां वह इस ग्रैंडस्लैम में अपने 25वें खिताब के लिए उतरेंगे।



### होटल में दिया था खाना

जोकोविच ने कहा, 'मुझे कुछ स्वास्थ्य दिक्कतें हुई थी। मुझे अहसास हुआ कि मेलबर्न के उस होटल में मुझे ऐसा खाना खिलाया गया था जिसमें जहर मिला था। यही एकमात्र तरीका था जिससे ऐसा किया जा सकता था।

### सर्बिया लौटने पर हुआ था खुलासा

24 बार के इस ग्रैंडस्लैम चैंपियन ने खुलासा करते हुए बताया कि सर्बिया लौटने के बाद उनका टेस्ट किया गया था जिसमें यह पाया गया था कि उन्होंने जहरीले पदार्थ का सेवन किया है। उस साल जोकोविच कोविड-19 टीकाकरण नहीं कराने के चलते वर्ष के आखिरी ग्रैंडस्लैम यूएस ओपन में भी हिस्सा नहीं ले पाए थे। हालांकि, इन सब विवाद के बावजूद जोकोविच 2023 में ऑस्ट्रेलियन ओपन में हिस्सा लेने पहुंचे थे और उन्होंने मेलबर्न में अपना 10वां खिताब जीता था। इसके बाद इस सर्बियाई खिलाड़ी ने 2024 में भी वर्ष के पहले ग्रैंडस्लैम में हिस्सा लिया था।

## चिंतन

# अर्थव्यवस्था को गति देने की आवश्यकता

आम बजट से पहले अर्थव्यवस्था की सुस्त हो रही रफ्तार चिंता का विषय है। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में साढ़े पांच फीसदी जीडीपी रहने के बाद से वित्तीय संस्थाएं भारत के विकास अनुमान को लेकर सतर्क रुख अपना रही हैं। वित्त वर्ष के शुरू में लग रहा था कि भारत की जीडीपी दर साढ़े सात फीसदी के करीब रहेगी, लेकिन दो तिमाही के अच्छे परिणाम के बाद तीसरी तिमाही में झटके के साथ गिरावट के बाद वित्तीय एजेंसियों ने करेक्टिव अनुमान जाहिर करना शुरू कर दिया है। इस कड़ी में ताजा अनुमान संयुक्त राष्ट्र ने जारी किया है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि भारत की अर्थव्यवस्था 2025 में 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। 'संयुक्त राष्ट्र विश्व आर्थिक स्थिति व संभावना 2025' रिपोर्ट में कहा गया है कि मजबूत निजी खपत तथा निवेश का समर्थन रहने से भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार देखने को मिलेगा। भारतीय अर्थव्यवस्था के 2024 में 6.8 प्रतिशत की दर से और 2025 में 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। 2026 में फिर 6.8 प्रतिशत की वृद्धि पर लौटने का अनुमान है। यूएन के मुताबिक दक्षिण एशिया में भारत की अर्थव्यवस्था का मजबूत परिदृश्य है। भारत में सार्वजनिक क्षेत्र बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचा परियोजनाओं, भौतिक तथा डिजिटल संपर्क और स्वच्छता व जल आपूर्ति में सुधार सहित सामाजिक बुनियादी ढांचे के वित्तपोषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। 2025 में मजबूत निवेश वृद्धि जारी रहने की उम्मीद है। भारत में उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति 2024 में अनुमानित 4.8 प्रतिशत से घटकर 2025 में 4.3 प्रतिशत हो जाने का अनुमान है, जो केंद्रीय बैंक द्वारा निर्धारित दो से छह प्रतिशत के मध्यम अवधि लक्ष्य सीमा के भीतर रहेगी। औद्योगिक उत्पादन का नवंबर का आंकड़ा भी राहत भरा है। त्योहारी मांग और विनिर्माण क्षेत्र में तेजी के कारण देश में औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) बीते साल नवंबर में 5.2 प्रतिशत बढ़कर छह महीने के उच्चतम स्तर पर रहा। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, नवंबर, 2023 में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 2.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। इससे पहले औद्योगिक उत्पादन में उच्चतम वृद्धि दर मई, 2024 में 6.3 प्रतिशत रही थी। सितंबर में यह 3.1 प्रतिशत जबकि अक्टूबर में 3.7 प्रतिशत बढ़ी थी। आईआईपी में वृद्धि अर्थव्यवस्था में सुधार के संकेत हैं, हालांकि वर्ष 2024 के आम बजट में व्यापक सुधार एजेंडे के बावजूद देश में औद्योगिक क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति नहीं देखी गई। आईआईपी का ताजा आंकड़ा उम्मीद जरूर जगाता है, लेकिन हाल में कहा गया है कि भारतीय निजी कॉरपोरेट निवेशकों ने देश के बाहर अधिक निवेश किया है। पीएलआई समेत तमाम नीतिगत उपायों से सरकार औद्योगिक क्षेत्र में व्यापक सुधार के लिए प्रयास कर रही है, लेकिन अभी एक फरवरी को पेश होने वाले आम बजट में आर्थिक सुधार के अगले चरण को रोल आउट किया जाना जरूरी है। भारत के जी-20 शेरपा अमिताभ कांत ने भी कहा है कि देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र के लक्ष्य को हासिल करने के लिए उभरते क्षेत्रों में दुनिया में अगुवा बनने की जरूरत है। पिछले कुछ बजटों में विकसित भारत के रोडमैप का अभाव दिखा है, केवल कुछ क्षेत्रों पर फोकस करके लक्ष्य नहीं पाया जा सकता है। जीडीपी ग्रोथ को बढ़ाने की जरूरत है, कृषि व सेवा के साथ औद्योगिक क्षेत्र पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। आर्थिक सुधार को गति देने वाले बजट की अपेक्षा रहेगी।



# अनारक्षित सीटों पर ओबीसी के पास अधिक अवसर

विचार
गौरी शंकर श्रीवास

अगस्त 14-15 की दरम्यानी रात हम भारत के लोगों ने नियति से एक करार किया था। वह करार जिससे भारत वह बन जाना था जैसा बनना वह डिजर्व करता था। बाबा साहेब आम्बेडकर ने जो रास्ता दिखाया, उसकी रोशनी में यह तय किया गया कि हम अवसर की स्वतंत्रता का करार करेंगे नियति से। आरक्षण जैसे शब्द को मान्यता देकर वास्तव में सामाजिक न्याय की दिशा में तब भारत ने एक बड़ा कदम बढ़ा दिया था।

आगे की राह हालांकि तब भी कठिन रहनी ही थी। विधायिका आदि में तो अनुसूचित वर्गों को भागीदारी मिल भी गयी थी,किंतु आगे 'पिछड़े वर्ग' के लोगों की प्रतीक्षा फिर भी थोड़ी और लम्बी खिची थी। तब की कांगेस सरकार द्वारा 'कालेलकर आयोग' की अनुशंसा को ठंडे बस्ते में डाल देने के बाद आगे फिर 'मंडल आयोग' तक का इंतज़ार करना पड़ा। यहां यह ध्यान देने की बात है कि आरक्षण के विषय में किए जाने वाले दुष्प्रचार में निहित स्वार्थी तत्वों द्वारा अक्सर कांग्रेस को मसीहा जबकि भाजपा को खलनायक के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, जबकि सच्चाई इसके बिल्कुल उलट है। जिस मंडल आयोग ने पिछड़े वर्ग के आरक्षण की राह प्रशस्त की, उसका गठन 'जनता पार्टी' की सरकार ने 1979 में किया था जिसमें भाजपा की पूर्ववर्ती पार्टी 'भारतीय जनसंघ' समाहित था, और जब वीपी सिंह सरकार द्वारा 1990 में यह सिफ़ारिशें लागू की गयी तब भी भाजपा के समर्थन वाली ही वह सरकार थी। दोनों बार कांग्रेस न केवल विपक्ष में थी, अपितु उसने आरक्षण के प्रावधानों का जम कर विरोध भी किया था।

> आगे की राह हालांकि तब भी कठिन रहनी ही थी। विधायिका आदि में तो अनुसूचित वर्गों को भागीदारी मिल भी गयी थी,किंतु आगे 'पिछड़े वर्ग' के लोगों की प्रतीक्षा फिर भी थोड़ी और लम्बी खिची थी। तब की कांगेस सरकार द्वारा 'कालेलकर आयोग' की अनुशंसा को ठंडे बस्ते में डाल देने के बाद आगे फिर 'मंडल आयोग' तक का इंतज़ार करना पड़ा। यहां यह ध्यान देने की बात है कि आरक्षण के विषय में किए जाने वाले दुष्प्रचार में निहित स्वार्थी तत्वों द्वारा अक्सर कांग्रेस को मसीहा जबकि भाजपा को खलनायक के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, जबकि सच्चाई इसके बिल्कुल उलट है।

पंडित नेहरू से लेकर राजीव गांधी तक के आरक्षण विरोधी वक्तव्यों के अनेक संदर्भ आपको गाहे ब गाहे दिख भी जायेंगे। मसलन 1961 में मुख्यमंत्रियों को लिखे पत्र में पंडित नेहरु ने कहा था कि आरक्षण से अक्षमता और दोयम दर्जे का मानक पैदा होता है। इंदिरा गांधी ने मंडल आयोग की संस्तुति से किनारा कर लिया था। राजीव गांधी ने तो यहां तक कह दिया था कि आरक्षण से हम बुद्धुओं को बढ़ावा देते हैं। ऐसा ही जब आप छत्तीसगढ़ की पिछली कांग्रेस सरकार के संदर्भ में देखेंगेतो आप पायेंगे कि अपने तुष्टीकरण की नीति के चलते आरक्षण पर बार-बारचर्चा तो करती थी, इस विषय पर राजनीति भी करती रही थी लेकिन भूपेश सरकार इस मामले में अतिरिक्त सावधान रहती थी कि उसे कहीं सचमुच में आरक्षण देना न पड़ जाय। इसी मानसिकता के कारण पहले तो बेमन से आरक्षण के आधे-अधूरे प्रावधान किए गए और फिर उसे न्यायालय में चुनौती दिला कर सभी तरह के आरक्षण को शून्य करा दिया गया था। फिर ओबीसी, एससी-एसटी दोनों मामलों में आरक्षण के विरुद्ध याचिका दायर करने वालों को बड़े-बड़े पद देकर पुरस्कृत भी किया गया। कांग्रेस शायद अपने राष्ट्रीय नेतृत्व के दबाव में आरक्षण मामले को हार जाने के लिए इतना आतुर थी कि उसने उच्च न्यायालय में इस महत्वपूर्ण याचिका पर सुनवाई के दिन अपने महाधिवक्ता को ही अनुपस्थित करा दिया। तो बात चाहे शासकीय सेवाओं में आरक्षण की हो या राजनीतिक प्रतिनिधित्व से सम्बंधित, हर मामले को केवल राजनीति का सबब बना देने का कांग्रेस के राष्ट्रीय-प्रादेशिक नेतृत्व का इतिहास रहा है। छत्तीसगढ़ में ही कथित क्वांटिफायबल डेटा के नाम पर क्या-क्या किया गया, इसके बारे में अलग से कुछ कहने की आवश्यकता नहीं है। इसके उलट भाजपा सरकार के पुनः सत्ता में आने पर उसकी यह बड़ी चुनौती थी कि



सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का सम्मान करते हुए भी एक ऐसा मध्य मार्ग तलाशा जाय, जहां हर वर्ग का समुचित प्रतिनिधित्व भी हो, और जिसे न्यायालय में भी उचित ठहराया जा सके। दो अलग-अलग मामले 'विकास किसरनो गवली बनाम महाराष्ट्र सरकार' और 'सुरेश महाजन बनाम मध्यप्रदेश सरकार' मामले में कोर्ट का आदेश था कि ओबीसी आरक्षण देने से पहले सरकार को ट्रिपल टेस्ट से गुजरना है, इसके लिए आयोग बनाना होगा।इसी आदेश के अनुपलान में संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप विष्णुदेव साय जी की सरकार ने विश्वकर्मा आयोग का गठन किया, जिसके सैम्पल सर्वे के आधार पर सरकार ऐसा प्रावधान लेकर आयी है जिसमें सभी वर्गों का कल्याण निहित है। अगर ऐसा नहीं किया जाता तो पिछड़े वर्ग का आरक्षण शून्य हो जाता जैसा कि झारखंड में बिना आरक्षण के वहां की सरकार ने कराया है। विडंबना ही है कि कांग्रेस गठबंधन की सरकार जहां झारखंड में कुठाराघात करती है आरक्षण पर, वहीं छत्तीसगढ़ में अनावश्यक राजनीति कर रही है। इसके उलट मध्यप्रदेश, बिहार, ओडिशा आदि राज्यों में उसी तरह चुनाव हुए हैं जैसे छत्तीसगढ़ में हो रहे हैं।

छत्तीसगढ़ के ऐसे अनुसूचित क्षेत्रों में जहां 50 प्रतिशत से अधिक जनजाति की संख्या के कारण अन्य पिछड़ा वर्गों के लिए आरक्षण संभव नहीं है, के अलावा शेष क्षेत्रों में ट्रिपल टेस्ट के आधार पर आए आंकड़ों से सम्पूर्ण वैधानिक तरीक़े से आरक्षण किए गए हैं। इस नए प्रावधान से निगम क्षेत्र में जहां अन्य आरक्षित वर्ग की संख्या कम है, वहां पिछड़े वर्ग की सीटें बढ़ी हैं लेकिन पंचायतों में इसे थोड़ा नुकसान होता दिख रहा है, हालांकि यहां भी वास्तविक नुकसान इस वर्ग का कुछ नहीं होगा, यह तय है।

यहां यह ध्यान देने की बात है कि अनारक्षित और समान्य वर्ग में अंतर होता है। अनारक्षित से आशय यही है कि वहां सभी वर्ग के लोग चुनाव लड़ सकते हैं। जाहिर है, ऐसे चुनाव में सार्वाधिक संख्या होने के कारण अधिकाधिक पिछड़े समाज के लोग चुन कर आयेंगे ही। भाजपा जैसे राजनीतिक दल की प्रतिबद्धता भी इस मामले में यही है कि इस वर्ग को समुचित प्रतिनिधित्व मिले और अनारक्षित सीटों पर इन्हें अधिकाधिक अवसर मिले। आखिर अनारक्षित सीटों से लड़ कर ही नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री हैं। मोदी मंत्रिमंडल में सार्वाधिक 29 मंत्री इसी वर्ग से हैं। वर्तमान लोकसभा में रिकॉर्ड 138 सांसद ओबीसी वर्ग से हैं। छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार में भी सार्वाधिक 6 मंत्री ओबीसी वर्ग से ही हैं। विगत विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने लगभग 40 प्रतिशत उम्मीदवार इसी वर्ग से उतारे थे। बात चाहे सांसदों की हो या महापौर की, हर अनारक्षित सीटों में आधे से अधिक प्रतिनिधि इसी समाज से आते हैं। भाजपा विधानसभा चुनाव में भी कुल 90 में से 51 अनारक्षित सीटों में दो तिहाई से अधिक टिकट इसी वर्ग को देती आयी है। छत्तीसगढ़ निर्माण के बाद 2018 ऐसा पहला चुनाव था जिसमें ओबीसी विधायकों की संख्या में काफी कमी आई, निस्संदेह ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि कांग्रेस की इकतरफा जीत हुई थी, और हमेशा की तारः उसने इस वर्ग को काफी कम टिकट दिया था।

ये सारे आंकडें इस बात की तस्दीक करते हैं कि समुचित भागीदारी के मामले में भाजपा का रिकॉर्ड किसी भी अन्य दल से अधिक बेहतर है। भाजपा की यही मंशा को मोदी सरकार के फ़ैसले में देखा जा सकता है। बात चाहे मेडिकल/डेंटल शिक्षा में स्नातक और पीजी दोनों में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण देने की बात हो या ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा देने की बात जिसका कांग्रेस ने विरोध कर राज्यसभा में बिल गिरा भी दिया था, फिर उस संविधान संशोधन की जिसके तहत राज्यों को अपना ओबीसी सूची बनाने का अधिकार दिया गया है, हमेशा भाजपा ने सामाजिक न्याय और समावेशी समाज की दिशा में बढ़ चढ़ कर योगदान दिया है। अपने इसी रिकॉर्ड को कायम रखते हुए भाजपा सभी वर्गों की समुचित और न्यायपरक भागीदारी के साथ 'सबका साथ सबका विश्वास' की अपनी प्रतिबद्धता से पीछे नहीं हटेगी, इसमें संदेह की कोई गुंजाइश नहीं है।

## वायरस प्रकोप

चेतनादित्य आलोक



# एचएमपीवी को लेकर चिंतित होने के बजाए सावधानी बरतें

पड़ोसी देश चीन एक बार फिर दुनियाभर के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। दरअसल, कोविड-19 यानी कोरोना वायरस जनित विश्वव्यापी महामारी के बाद अब चीन में एक और वायरस का कहर देखने को मिल रहा है। बता दें कि पिछले कुछ महीनों से यहां पर ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस यानी एचएमपीवी काफी तीव्रता से अपने पैर पसार रहा है। सर्वाधिक दुःख और चिंता की बात तो यह है कि अब इस वायरस ने भारत में भी दस्तक दे दी है। गौरतलब है कि चीन में काफी तेजी से लोगों को अपना शिकार बना रहे एचएमपीवी के भारत में मंगलवार 8 जनवरी 2025 तक कुल 8 मामलों की सूचना मिल चुकी है। इंडियन काउंसिल फॉर मेडिकल रिसर्च (आइसीएमआर) ने स्वयं इन मामलों की पुष्टि की है। हालांकि, इतने बड़े देश में, जहां दुनिया की सर्वाधिक जनसंख्या निवास करती है, इस बात की पूरी संभावना है कि इससे बहुत बड़ी संया में भी लोग संक्रमित हों, क्योंकि हमारे देश में अब तक ऐसी कोई प्रणाली विकसित नहीं हो पाई है, जिसके माध्यम से देश के सारे प्रभावित लोगों का डेटा उपलब्ध कराया जा सके। बहरहाल, अब तक सामने आ चुके मामले देश के तीन राज्यों बेंगलुरु, तमिलनाडु और गुजरात से सामने आए हैं। अभी तक पाए गए मामलों में सबसे कम आयु वाला एचएमपीवी से संक्रमित दो महीने का शिशु है।

देखा जाए तो चीन में एचएमपीवी के हजारों मामले सामने आए हैं। वहीं, चीन से आने वाले वीडियो को देखकर दुनिया भर के लोग चिंतित होने लगे हैं, लेकिन प्रसन्नता की बात यह है कि एचएमपीवी कोविड-19 यानी कोरोना वायरस की तरह घातक नहीं है। 'द गार्डियन' की एक रिपोर्ट के अनुसार विशेषज्ञ मानते हैं कि एचएमपीवी कोविड जैसा नहीं है। यह वायरस दशकों से मौजूद है। इसलिए इसे लेकर लोगों में एक स्तर तक इम्युनिटी मौजूद है, जबकि कोविड-19 एक नई बीमारी थी, जिससे इंसान पहले कभी भी संक्रमित नहीं हुआ था, इसीलिए वह एक महामारी बन गई। इसलिए एचएमपीवी को लेकर लोगों को चिंतित होने की कतई आवश्यकता नहीं है। इस मामले में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जय प्रकाश नड्डा ने भी देशवासियों को आश्वस्त किया है। हालांकि, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसे लेकर राज्यों से सतर्कता बढ़ाने के लिए कहा है। इस बीच, एचएमपीवी को लेकर देशभर के कई बड़े डॉक्टरों ने चिंता नहीं करने की बात कही है। जाहिर है कि सोशल मीडिया तथा अन्य माध्यमों से फैलाए जा रहे भ्रमों का शिकार होकर लोगों को डरने की जरूरत नहीं है। एचएमपीवी यानी ह्युमन मेटान्यूमो वायरस श्वांस के रोग यथा सर्दी, खांसी, जुकाम आदि जैसे संक्रमण फैलाने वाला वायरस है। यह एक 'आरएनए' वायरस है। 'साइंस डाइरेक्ट' के अनुसार एचएमपीवी की उत्पत्ति 200 से 400 वर्ष पहले चिड़ियों से हुई थी। ऐसा माना जाता है कि अपनी इस लंबी यात्रा में इसने स्वयं को बार-बार बदला है और अब यह वायरस चिड़ियों को संक्रमित नहीं कर सकता। अमेरिकी सरकार की 'सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेन्शन' के अनुसार मनुष्यों में इसकी उपलब्धता की पहचान 2001 में की गई, जब इसका पहला मामला नीदरलैंड में सामने आया। हालांकि, शोध में यह पाया गया है कि एचएमपीवी लगभग पिछले 60 वर्षों से मनुष्यों के भीतर अपनी उपस्थिति बनाए हुए है।

विशेषज्ञों के अनुसार इसका प्रसार सर्दी और जुकाम की तरह होता है यानी एचएमपीवी ग्रसित व्यक्ति के खांसने, छींकने, हाथ मिलाने और ऐसी सतहों को छूने से होता है, जहां पर यह वाइरस मौजूद हो। हवा में घुली छोटी-छोटी बूंदें इसका संवाहक होती हैं। सामान्यतः एचएमपीवी इससे संक्रमण के अधिकांश मामले सर्दियों में सामने आते हैं। संक्रमित व्यक्ति को सर्दी, खांसी, नाक बहने, गले में खराश होने और बुखार आने की परेशानी हो सकती है। एचएमपीवी का सबसे अधिक प्रभाव पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों और 65 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धों पर होता है। गौरतलब है कि इसके सर्वाधिक मामले भी इसी आयु वर्ग के लोगों में सामने आते हैं। एचएमपीवी के अधिकांश मामले बच्चों में पाए जाने के कारण उनके विषय में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। विशेषज्ञों के अनुसार लोगों को बार-बार साबुन से हाथ धोने एवं मास्क लगाने के अतिरिक्त सर्दी, खांसी और जुकाम होने पर तुरंत जांच करानी चाहिए। साथ ही, सर्दी, खांसी और जुकाम से ग्रसित व्यक्ति से दूरी बनाकर रहना चाहिए। हालांकि, इस वायरस से लड़ने में काफी हद तक हमारा शरीर ही सक्षम है, लेकिन किसी भी प्रकार की विसंगति लगने पर तुरंत डॉक्टर के पास जाना चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# स्वतंत्रता दिवस स्व नियंत्रण का पर्व



संकलित
**दर्शन**

स्वाधीनता अर्थात स्व के अधीन होने का पर्व। स्व नियंत्रण का पर्व, जहां पर स्व की इच्छाओं की प्रधानता हो, स्वयं पर स्वयं का नियंत्रण हो। वास्तव में भारत पर भारत का ही नियंत्रण हो सकता है। इस विशाल, समृद्ध, संस्कार और संस्कृति से युक्त राष्ट्र पर नियंत्रण करने की कोशिश तो बहुत से राष्ट्रों द्वारा की गई, परंतु भारत विशाल हृदय और समृद्ध विरासत के साथ सदैव खड़ा रहा। हिमालय जैसे विशाल हृदय, गंगा जैसी पावनता व वेदों के विशाल ज्ञान के भंडार के साथ जीवंत व जाग्रत बना रहा और आगे भी रहेगा। भारत ने महाभारत देखी, भारत ने राम-भरत का प्रेम देखा, कृष्ण-सुदामा की मित्रता देखी। वर्तमान भारत विश्व पटल पर अपना उत्कृष्ट स्थान रखता है। अब हम एक ऐसे भारत की ओर बढ़ें, जहां नक्शे में हर भारतीय के हस्ताक्षर हों। ऐसा भारत, जहां भारत माता की रक्षा के लिए बलिदान देने वाले और धरती के गर्भ से अन्न पैदा करने के लिए पसीना बहाने वालों के लिए उपयुक्त स्थान हो। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त कहते हैं, 'सब तीर्थों का एक तीर्थ यह, हृदय पवित्र बना लें हम, आओ यहां अजातशत्रु बन, सबको मित्र बना लें हम। भारत माता का मंदिर यह, समता का संवाद जहां, सबका शिव कल्याण यहां है, पावें सभी प्रसाद यहां।' ऐसे भाव जहां हों, वह राष्ट्र केवल गौरव का अधिकारी है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भी इसीलिए कहा, 'भारत जमीन का टुकड़ा नहीं, जीता जागता राष्ट्रपुरुष है।

# जीवन में गुरु की आवश्यकता क्यों?



संकलित
**प्रेरणा**

एक गाय घास चरने के लिए एक जंगल में चली गई। शाम ढलने के करीब थी। उसने देखा कि एक बाघ उसकी तरफ दबे पांव बढ़ रहा है। वह डर के मारे इधर-उधर भागने लगी। दौड़ते हुए गाय को सामने एक तालाब दिखाई दिया। घबराई हुई गाय उस तालाब के अंदर घुस गई। वह बाघ भी उसका पीछा करते हुए तालाब के अंदर घुस गया। उसमें पानी कम था और वह कीचड़ से भरा हुआ था। उन दोनों के बीच की दूरी काफी कम हुई थी। लेकिन अब वह कुछ नहीं कर पा रहे थे। वह गाय उस कीचड़ के अंदर धीरे-धीरे धंसने लगी। बाघ भीधीरे-धीरे कीचड़ के अंदर धंसने लगा। दोनों भी करीब करीब गले तक उस कीचड़ के अंदर फस गए। दोनों हिल भी नहीं पा रहे थे। गाय के करीब होने के बावजूद वह बाघ उसे पकड़ नहीं पा रहा था। थोड़ी देर बाद गाय ने उस बाघ से पूछा, क्या तुम्हारा कोई गुरु या मालिक है? बाघ ने गुर्राते हुए कहा, मैं तो जंगल का राजा हूं। मेरा कोई मालिक नहीं। मैं खुद ही जंगल का मालिक हूं। गाय ने कहा, लेकिन तुम्हारे उस शक्ति का यहां पर क्या उपयोग है? उस बाघ ने कहा, तुम भी तो फस गई हो और मरने के करीब हो। तुम्हारी भी तो हालत मेरे जैसी है। गाय ने मुस्कुराते हुए कहा, बिलकुल नहीं। मेरा मालिक जब शाम को घर आएगा और मुझे वहां पर नहीं पाएगा तो वह ढूंढते हुए यहां जरूर आएगा और मुझे इस कीचड़ से निकाल कर अपने घर ले जाएगा। तुम्हें कौन ले जाएगा? थोड़ी ही देर में सच में ही एक आदमी वहां पर आया और गाय को कीचड़ से निकालकर अपने घर ले गया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आवारा मवेशियों की समस्या का हल जरूरी

देशभर में आवारा मवेशियों की समस्या दिनोंदिन विकराल होती जा रही है। जहां एक ओर आवारा मवेशी सड़क हादसों का सबब बन रहे हैं, तो दूसरी ओर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। आज शहर हो या गांव, आवारा मवेशियों के आतंक से कोई अछूता नहीं हैं। इनके सर्वत्र घूमने से आमजन का अपने घर से बाहर निकलना दूभर हो रहा है। सड़क हादसों में होने वाली मौतों का एक बड़ा कारण आवारा मवेशी भी हैं, जो यातायात व्यवस्था को तो बाधित करते ही हैं साथ ही उनके अचानक बीच सड़क पर आ धमकने से सड़क हादसे भी अंजाम लेते हैं। ऐसे में सवाल है कि आखिर कैसे घूम रहे हैं आवारा मवेशी और कौन है इनका असली मालिक? साथ ही इनसे होने वाले नुकसान के लिए कौन जिम्मेदार है। - **अजय सक्सेना**, राजनांदगांव

## ट्रेंड

### पी. जयचंद्रन को श्रद्धांजलि



पी. जयचंद्रन जी उत्कृष्ट आवाज के धनी थे, जिन्होंने भावनाओं की एक विस्तृत श्रृंखला को व्यक्त किया। विभिन्न भाषाओं में उनकी भावपूर्ण प्रस्तुतियां आने वाली पीढ़ियों के दिलों को छूती रहेंगी।
**-नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### केजरीवाल को हार का डर



अरविंद केजरीवाल को अपनी हार का डर सताने लगा तो बौखलाकर यूपी -बिहार के हमारे लोगों को फर्जी वोटर कह कर उनका अपमान कर रहे हैं। दिल्ली की जनता इन चुनावों में उन्हें सत्ता से उखाड़कर इसका जवाब जरूर देगी।
**-जेपी नड्डा, भाजपा अध्यक्ष**

### ताकत भुनाने का अवसर



मंदी और कुछ नहीं बल्कि हमारी ताकत को भुनाने का एक अवसर है। भारत में इतनी मांग है, इतनी उद्यमशीलता है। सरकारी मशीनरी को सेवा-उन्मुख मानसिकता रखने और मार्केटिंग मोड में आने की जरूरत है।
**-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति**

### 'सत्या' से सबक लें



बिना किसी बड़े कलाकार या बजट के, 'सत्या' ने अपना संदेश दिया और यह हिंदी फिल्म उद्योग के सभी कहानीकारों के लिए 'आंख खोलने वाली' रचना है। सभी फिल्म निर्माताओं के लिए एक सबक होना चाहिए।
**- रामगोपाल वर्मा, फिल्मकार**

## करंट अफेयर

# मलाला लड़कियों के शिक्षा सम्मेलन पर पाक जाएगी



नोबेल पुरस्कार विजेता मलाला यूसुफजई मुस्लिम समुदायों में लड़कियों की शिक्षा पर होने जा रहे एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए सप्ताहांत में पाकिस्तान जाएंगी। एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर के अनुसार, मलाला 11-12 जनवरी को होने वाले दो दिवसीय सम्मेलन में मुख्य वक्ताओं में से एक होंगी। अक्टूबर 2012 में जीवन रक्षक उपचार के लिए ब्रिटेन जाने के बाद से मलाला की यह पाकिस्तान की तीसरी यात्रा होगी। वह अपने ऊपर हुए हमले के बाद पहली बार अक्टूबर 2022 में अपने गृहनगर जाने के लिए पाकिस्तान आई थीं। मलाला की उम्र सिर्फ 15 साल थी, जब प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने लड़कियों की शिक्षा के लिए उनके अभियान को लेकर उनके सिर में गोली मार दी थी। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे और मुख्य भाषण देंगे।

## ऑफ बीट

# स्वास्थ्य सेवा पर महिलाओं का पुरुषों से खर्च अधिक



एक विश्लेषण से पता चलता है कि पुरुषों की तुलना में स्वास्थ्य सेवाओं पर महिलाओं को अधिक खर्च करना पड़ता है। अन्य शोधों में पाया गया है कि पुरुष और महिलाएं स्वास्थ्य सेवा पर समान राशि खर्च करते हैं, या यहां तक कि पुरुष थोड़ा अधिक खर्च करते हैं। हालांकि, यह स्पष्ट है कि पुरुषों की तुलना में महिलाएं स्वास्थ्य सेवा पर अपने कुल व्यय का अधिक हिस्सा खर्च करती हैं। लागत के कारण उनके चिकित्सा देखभाल को छोड़ने या देरी करने की संभावना भी अधिक होती है। तो फिर महिलाएं स्वास्थ्य देखभाल पर अपना अधिक धन क्यों खर्च करती हैं और हम इस अंतर को कैसे पाट सकते हैं? महिलाओं को गंभीर बीमारियां अधिक होती हैं। पुरुषों की तुलना में महिलाओं में गंभीर स्वास्थ्य समस्या होने की आशंका अधिक होती है। कुछ ऐसी स्थितियां भी हैं जो पुरुषों की तुलना में महिलाओं को अधिक प्रभावित करती हैं, जैसे 'ऑटोइम्यून' स्थितियां (उदाहरण के लिए, 'मल्टीपल स्केलेरोसिस' और 'रुमेटॉइड आर्थराइटिस')। इसके अलावा, चिकित्सा अनुसंधान में पुरुषों पर ध्यान केंद्रित किए जाने के कारण कभी-कभी चिकित्सा उपचार महिलाओं के लिए कम प्रभावी हो सकते हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।



MARUTI SUZUKI
NEXA
HALF THE ROAD TAX. DOUBLE THE DOMINATION.
Get A 50% Road Tax Waiver From The Chhattisgarh Government.
Valid In January During The Raipur Auto Expo 2025.
GRAB IT BEFORE PRICE RISE OF UP TO 4%
XL6
BUY A NEXA CAR & STAND A CHANCE TO WIN 2 TICKETS TO
Ed Sheeran
2025 INDIA TOUR
XL6
TIME TO INDULGE
VENTILATED SEATS
360 VIEW CAMERA
6-SPEED AUTOMATIC TRANSMISSION WITH PADDLE SHIFTERS
TYRE PRESSURE MONITORING SYSTEM
SUZUKI CONNECT
3 years 100 000 km WARRANTY* EXTENDABLE UPTO 6 YEARS
BENEFITS UP TO ₹ 55 000**
ADDITIONAL SCRAPPAGE BONUS AVAILABLE AGAINST VALID CERTIFICATE OF DEPOSIT.
SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU
FOR MORE DETAILS CONTACT MR. SHREY SHIKHAR PH: +91 81308 49972
E-BOOK TODAY @ WWW.NEXAEXPERIENCE.COM
For any bulk purchase enquiries please email to Renjith.nair@maruti.co.in
For detailed T&C kindly visit your nearest dealership. Creative visualization. For details on functioning of safety features, including airbags, kindly refer to the owner's manual. *All offers are brought to you by NEXA dealers only. Offers may vary subject to the model and variant purchased. All offers are applicable till 15th January '25 or till stocks last. Applicable on available stock of 2024 models. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. Features and accessories shown may not be a part of the standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. *3 years or 100 000km whichever is earliest.

## जैकेट के शेष

### नगरीय निकायों में ....

करते हुए बहुत से आवश्यक काम पूरे कर लिए हैं। नगरीय निकायों की बात करें तो सबसे पहले वार्डों का आरक्षण किया गया। इसी क्रम में निगमों के मेयर, पालिका अध्यक्ष और नगर पंचायत अध्यक्षों के चुनाव के लिए आरक्षण हो चुका है। इसी क्रम में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के लिए आरक्षण की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। अब दोनों सूत्रों के लिए मतदाता सूची के लिए तैयार करने का काम अंतिम दौर में है। निकायों के लिए यह काम 15 जनवरी को मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ पूरा हो जाएगा। जानकारों के मुताबिक मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होने के तुरंत बाद किसी भी समय अधिसूचना जारी हो सकती है।

### झारसुगुड़ा-रायपुर के बीच ....

सबसे अधिक फ्लाइट का संचालन किया जाएगा। ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े सूत्रों के मुताबिक कुछ साल पहले झारसुगुड़ा-रायपुर सेक्टर में संचालित फ्लाइट को बंद कर दिया गया था। अगले माह से दोनों शहर हवाई मार्ग से पुनः कनेक्ट होने की संभावना है। रायपुर एयरपोर्ट प्रबंधन द्वारा अपने सोशल मीडिया 'एक्स' एकाउंट पर इसका जिक्र किया गया है। स्टार एयर नामक एयरलाइंस कंपनी एक फ्लाइट का सप्ताह में चार दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार को 76 सीटर एयरक्राफ्ट का संचालन करेगी। एयरलाइंस कंपनी द्वारा कुछ माह पहले नए साल में रायपुर-झारसुगुड़ा सेक्टर में फ्लाइट संचालित करने की घोषणा की थी। रायपुर और झारसुगुड़ा के बीच घनिष्ठ व्यापारिक संबंध है। दोनों शहरों के बीच विमान सेवा शुरू किए जाने से यह संबंध और भी प्रगाढ़ होंगे। इस विमानन कंपनी की फ्लाइट रायपुर से शुरू होने के बाद रायपुर से तीसरी कंपनी अपनी विमान सेवा का संचालन करेगी। वर्तमान में इंडिगो द्वारा रायपुर से सबसे अधिक फ्लाइट का संचालन विभिन्न शहरों के लिए किया जाता है। वहीं विस्तारा के साथ विलय के बाद रायपुर से एयर इंडिया दिल्ली के लिए दो विमान सेवा का संचालन करती है।

**फ्लायबिग की 19 सीटर फ्लाइट :** रायपुर-अंबिकापुर-बिलासपुर को हवाई मार्ग से जोड़ने के लिए फ्लायबिग द्वारा 19 सीटर छोटे एयरक्राफ्ट का संचालन किया जाता है। 19 दिसंबर से शुरू हुई इस एयरक्राफ्ट की उड़ान पहले सप्ताह में तीन दिन हुआ करती थी। बाद में इसे रविवार छोड़कर सप्ताह में छह दिन संचालित करने का फैसला लिया गया। सूत्रों के मुताबिक इस फ्लाइट के लिए भी पर्याप्त संख्या में यात्री नहीं मिलने की समस्या सामने आ रही है।

### जगदलपुर उड़ान हुई ....

का संचालन नहीं किया जा रहा है। करीब पांच साल पहले एयर ओडिशा नामक एयरलाइंस कंपनी ने भी यात्रियों की दिक्कत की वजह दोनों शहरों के बीच अपनी छोटी फ्लाइट संचालित करने से हाथ खींच लिया था।

### 'मेरी रिस्क लेने की ....

पॉडकास्ट में पीएम के रूप में उनके विभिन्न कार्यकालों के बारे में पूछे जाने पर पीएम मोदी ने कहा कि पहले कार्यकाल में लोग मुझे समझने की कोशिश कर रहे थे और मैं दिल्ली को समझने की कोशिश कर रहा था। दूसरे में टर्म में अतीत के नजरिए से सोचता था। मोदी ने इसके साथ लोग' में राजनीति में आने की इच्छा रखने वाले युवाओं को अहम संदेश दिया। उन्होंने कहा कि युवाओं को महत्वाकांक्षा के लिए नहीं, बल्कि मिशन के साथ राजनीति में प्रवेश करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मिशन आपको आखिरकार उस क्षेत्र में एक स्थान हासिल करने में मदद कर सकता है। ऐसे में मिशन महत्वाकांक्षा से ऊपर होना चाहिए।

**मैं सेटबैक पर रोने वाला इंसान नहीं:** पॉडकास्ट में पीएम मोदी ने कहा कि मैं अपयश से नहीं डरता। मैं सेटबैक पर रोने वाला इंसान नहीं हूं। मुझे प्रधानमंत्री बनने का दायित्व मिला तो उसे निभा रहा हूं। राजनीति में हर पल रिस्क लेना पड़ता है। मुझे रिस्क लेने वाला इंसान चाहिए। मैं रिस्क लेने वाले युवाओं का साथ दूंगा। मैं सामान्य परिवार से आता हूं। अगर मैं प्राइमरी का टीचर भी बन जाता तो मेरी मां खुश होती। जब मैं मुख्यमंत्री बना तो हैरान हो गया। मैं कभी प्रधानमंत्री बनूंगा यह सोचा तक नहीं था।

**खुद को गाली देने के सवाल पर क्या कहा :** विपक्षी नेताओं की तरफ से आलोचना को लेकर पीएम मोदी ने बड़ी बात कही। पीएम मोदी ने कहा कि मैं एक अहमदाबादी हूं, गाली दे रहा है ना, कुछ लेकर तो नहीं जा रहा' पीएम मोदी ने स्ट्रेस और एंग्जाइटी से जुड़े सवाल पर भी खुलकर बात की। पीएम मोदी ने बताया कि उन्होंने कैसे खुद को संभाला।

**राजनीति में आएं पर महत्वाकांक्षा के लिए नहीं :** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, राजनीति में प्रवेश करना एक बात है और राजनीति में सफल होना दूसरी बात है। दूसरी बात तब होती है जब आप एक टीम के खिलाड़ी होते हैं और लोगों के कल्याण के लिए समर्पित होते हैं। लोगों को महत्वाकांक्षा के साथ नहीं, बल्कि एक मिशन के साथ राजनीति में प्रवेश करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, आजकल राजनीति में एक पेशेवर स्पर्श है, एक अलंकृत भाषा है। यह कुछ दिनों तक ही काम करती है।

**बचपन के दोस्तों को सीएम हाउस बुलाया :** पीएम मोदी ने कहा कि मैं वहीं हूं, जो वर्षों पहले गांव छोड़कर गया था, मुझमें बदलाव नहीं आया। निखिल कामथ के साथ podcast में पीएम नरेन्द्र मोदी ने बताया कि गुजरात का मुख्यमंत्री बनने के बाद जब बचपन के दोस्तों को सीएम हाउस बुलाया तो क्या हुआ।

### 2047 तक समस्याओं ....

100% डिलीवरी होनी चाहिए। यही वास्तविक सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता है। इसके पीछे प्रेरक शक्ति है - एआई- 'एस्पिरेशनल इंडिया'।

### राजनीति का सफर ....

समय तक नहीं टिकते हैं। उन्होंने कहा, अधिकांश लोग यह नहीं कहते कि वे राजनीतिज्ञ बनना चाहते हैं। वे विधायक, पार्षद, सांसद जैसे पद चाहते हैं। राजनीति में आने के लिए चुनाव लड़ना जरूरी नहीं। चुनाव लड़ना लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा है। यह लोगों के दिलों को जीतने के बारे में है।

### मां-बेटी की जल ....

को इसकी सूचना दी गई। सूचना पर जब पुलिस मौके पहुंची। पुलिस ने जांच शुरू की तो पाया कि सुरेश गुप्ता का घर पूरी तरह जला हुआ है जिसमें उसकी पत्नी चांदनी गुप्ता 20 वर्ष, बेटी आकांक्षा गुप्ता 18 माह की जली हुई लाश बरामद की गई। पुलिस ने तीनों शवों को पीएम के लिए भेज दिया है तथा सरपंच व पड़ोसियों से पूछताछ करते हुए जांच में जुट गई हैं।

### 15 हजार रुपए ....

के बागबहार शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला में पदस्थ सहायक शिक्षक चमर साय पैकरा पूर्व में बतौली विकासखंड के बोदा शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला में पदस्थ था। जशपुर जिले में स्थानांतरण होने के बाद वह बागबहार में अपनी ड्यूटी कर रहा था लेकिन वेतन आहरण के लिए उसे बीईओ कार्यालय से अंतिम वेतन प्रमाण पत्र (एलपीसी) और सेवा पुस्तिका की जरूरत थी। एलपीसी और सेवा पुस्तिका के लिए सहायक शिक्षक ने बीईओ कार्यालय में आवेदन दिया था लेकिन महीनों से शिक्षक को बीईओ ऑफिस में घुमाया जा रहा था और अंततः एलपीसी और सेवा पुस्तिका देने के नाम पर बीईओ मिथिलेश सिंह सेंगर, लिपिक राजकुमार प्रसाद द्वारा 15 हजार रुपए की मांग की गई। रिश्वत की मांग किए जाने के बाद सहायक शिक्षक चमर साय पैकरा ने इसकी शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो के कार्यालय में की थी। शिकायत के बाद एसीबी के डीएसपी प्रमोद खेस के नेतृत्व में मामले की जांच की गई और शिकायत का सत्यापन कराए जाने के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ट्रैप कार्रवाई के लिए सीतापुर पहुंची। इस दौरान टीम ने सहायक शिक्षक को केमिकल लगे 15 हजार रुपए के साथ बीईओ कार्यालय भेजा और उसके बाद टीम ने 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी सीतापुर मिथिलेश सिंह सेंगर, सहायक ग्रेड 2 राजकुमार प्रसाद और सहयोगी सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला धरमपुर अनुराग बरई को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी की टीम ने आरोपियों के खिलाफ धारा 7 एवं 12 पीसी एक्ट 1988 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की है।

### मीणा, लाल उमेंद, अजातशत्रु ....

थी। बैठक के बाद प्रमोशन के पात्र अधिकारियों की फाइल सरकार के पास भेजी गई थी। सरकार से मंजूरी मिलने के बाद शुक्रवार को यह सूची जारी कर दी गई है। बताया गया है कि गृह विभाग से अलग-अलग जारी आदेशों में सभी प्रमोशन 1 जनवरी से लागू माने जाएंगे। इसी तिथि से अफसरों को नया वेतनमान भी मिलने लगेगा। प्रमोशन के आदेशों को एक बार और स्पष्ट करते हैं कि 2012 बैच के आईपीएस अफसरों को सलेक्शन ग्रेड दिया गया है और अब इनका अगला प्रमोशन डीआईजी के रूप में होगा, जो सालभर में ड्यू हो जाएगा। इनसे एक वर्ष पूर्व यानी 2011 बैच के आईपीएस अफसरों को डीआईजी के रूप में प्रमोट किया गया है। इसी तरह 2007 बैच के पांच आईपीएस अफसरों को आईजी यानी पुलिस महानिरीक्षक के पद पर प्रमोट किया गया है।

### प्रमोशन पाने वाले ....

प्रशांत कुमार ठाकुर, आईके एलेसेला, गोवर्धन राम ठाकुर, तिलकराम कोशिमा, इन्हें मिला सलेक्शन ग्रेड(एसपी रैंक), विजय कुमार अग्रवाल, राजेश कुमार अग्रवाल, शशिमोहन सिंह, रामकृष्ण साहू, आशुतोष सिंह, विवेक शुक्ला, राजेश कुकरेजा, श्वेता राजमणि।

### जनता गिरीश से ....

*पसंद नहीं किया, इसलिए ऑप्शन में डॉ. रमन सिंह को चुन लिया।*

*0 सवाल- आपने कहा कि डॉ. रमन सिंह ने कोई काम नहीं किया, फिर जनता ने उन्हें बड़े अंतर से कैसे जीता दिया?*

*जवाब- जनता शायद गिरीश देवांगन से उतना परिचित नहीं थी, भूपेश बघेल के कार्यकाल की विवेचना प्रत्याशी के रूप में जानता नहीं कर पाई, आज जनता पछता रही है।*

*0 सवाल - पार्टी ने आप की जगह बाहरी प्रत्याशी विधानसभा में क्यों दिया?*

*जवाब- पार्टी जिसे उचित समझती है, हम उसके लिए काम करते हैं। पार्टी जिसे योग्य समझती है उसे आगे लाती है। पार्टी ने मुझे महापौर बनाया है।*

*0 सवाल- राजनांदगांव की जनता ने भूपेश बघेल को लोकसभा में पसंद नहीं किया या आपके काम को?*

*जवाब- जनता इसका खामियाजा भुगत रही है। जगह-जगह शराब बिक रही है। शराब दुकान बढ़ गई है। जनता ने लोकसभा के मुद्दे को लेकर भूपेश बघेल को नहीं स्वीकारा।*

*0 सवाल- आपके कार्यकाल में कौन से काम बच गए, जो आपके सपनों में अधूरे रह गए?*

*जवाब- विकास कभी थमता नहीं है। यह मलाल रह गया कि 4 करोड़ की राशि जो सौंदर्यीकरण के लिए आई थी, वह वापस चली गई। सरकार बदलने के बाद राशि वापस नहीं आई। थोक बाजार का काम बच गया।*

*0 सवाल - गोबर पेंट यूनिट की क्या स्थिति है?*

*जवाब- वर्तमान सरकार ने गौठान बंद कर महिलाओं को बेरोजगार किया है। गोबर खरीदी बंद होने से पेंट का काम बंद हो गया है। हमने वर्तमान सरकार से मांग की थी।*


**नगर पंचायत फरसगांव, जिला-कोंण्डागांव (छ.ग.)**

क्रमांक/489/लो.नि.शा./ 2024-25 **// रूचि की अभिव्यक्ति //** फरसगांव, दिनांक 10/01/2025

एतद् द्वारा नगर पंचायत फरसगांव में स्वच्छता श्रृंगार योजना अंतर्गत 01 नग सामुदायिक शौचालयों के रख-रखाव तथा अशासकीय संस्थानों (एनजीओ/महिला स्व सहायता समूह/पंजीकृत ठेकेदार / असंगठित संस्थाएं) से रूचि की अभिव्यक्ति (Eperssion of Interest) पंजीकृत डाक द्वारा दिनांक 17/01/2025 को शाम 05.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। ऐसे अशासकीय संस्थाएं एंव पंजीकृत ठेकेदार जिन्हें ऐसे कार्य का अनुभव रखते हैं वे निम्नलिखित दस्तावेज के साथ रूचि की अभिव्यक्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं-

1. संस्था/पंजीकृत स्व सहायता समूह का लेटर पैड में आवेदन। ई.ओ.आई. शुल्क 2000.00 रू. नगद या डीडी के माध्यम से जमा किया जाना होगा। 2. संस्था / पंजीकृत स्व सहायता समूहों का पंजीयन। 3. राज्य शासन अथवा सरकारी प्रतिष्ठानों में मान्यता प्राप्ति का प्रमाण-पत्र। 4. संस्था / पंजीकृत स्व सहायता समूहों का वार्षिक व्यापार विवरण। 5. संस्था/पंजीकृत स्व सहायता समूहों का कम से कम 3 शौचालय निर्माण एंव संचालन करने का अनुभव प्रमाण-पत्र। 6. संस्था / पंजीकृत स्व सहायता समूहों का जीएसटी पंजीयन एंव पैन कार्ड। 7. आवेदन के साथ 2000.00 अमानत राशि एफडीआर/टीडीआर के रूप में मुख्य नगरपालिका अधिकारी फरसगांव के पक्ष में देय हो जमा करना होगा अथवा छूट संबंधित पत्र के सत्यापित प्रति के बिना अमानत राशि के आवेदन पत्र स्वीकार नही किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत फरसगांव जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)**



**राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़**
**द्वितीय तल, एकीकृत शिक्षा भवन, पेंशनबाड़ा, रायपुर**
**टेलीफोन नं. 0771-2445052 Email-mis.head@gmail.com**

**Request for Tender (RFT) की सूचना**

पीएम श्री योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के पीएम श्री हाई / हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में BAND SET क्रय किये जाने हेतु ऑनलाईन RFT आमंत्रित की जाती है। समस्त विवरण **Govt. E Market Place (GeM)** की वेबसाईट **https://gem.gov.in** में उपलब्ध है।

**अंतिम तिथि 08 फरवरी 2025, समय 03:00 PM**

निविदा संबंधी किसी भी प्रकार की अद्यतन जानकारी के लिए जेम पोर्टल का निरंतर अवलोकन करें।

**(प्रबंध संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित)**
S-42737/2

**वित्त नियंत्रक समग्र**
**शिक्षा छत्तीसगढ़, रायपुर**



**M' NICIPAL CORPORATION, RAIP' R**
**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**
**(1st Call)**

NIT NO/239/EE/FILTER PLANT/2025 RAIP' R DATED: 10.01.2025

Online bids are invited for the following works up to **09.02.2025** at 17:30 hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work/Description of work | Probable amount of contract (In Rs) |
|---|---|---|---|
| 1 | 164215 | Supply of Liquefied chlorine gas in Tunner (Gas weight 900 Kg in each tunner) including Loading unloading & Tunner rent-500 Nos | 59,75,000.00 |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal **https://eproc.cgstate.gov.in** in from **10.01.2025** 17.30 **Hours** (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal. NIT Details and other document.

**NOTE: -** 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal., 2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**

**घरो से निकलने वाले गीला और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें**

**EXEC' TIVE ENGINEER**
**FILTER PLANT**
**M' NICIPAL CORPORATION RAIP' R**


## पेज एक के शेष

### दिल्ली की फ्लाइट ....

और कोहरे की वजह से विमानों की आवाजाही बुरी तरह प्रभावित हुई है। इसका असर रायपुर आने वाली फ्लाइटों पर भी हुआ है। सूत्रों के अनुसार विभिन्न गंतव्यों से उड़ान भरने वाली फ्लाइट अपने निर्धारित समय से काफी विलंब से रवाना हुई। शाम 7.20 बजे बेंगलुरु से आने वाली फ्लाइट पौन घंटे विलंब रही, एयर इंडिया की दिल्ली फ्लाइट 1.340 घंटे विलंब से पहुंची। मुंबई की रात्रि 8.20 की उड़ान 2 घंटे, कोलकाता की 8.30 की फ्लाइट 55 मिनट, हैदराबाद से 8.35 बजे आने वाली फ्लाइट 1.40 घंटे तथा दिल्ली की राति 9.20 की फ्लाइट अपने निर्धारित समय से चार घंटे विलंब से चल रही है। कोहरे की वजह सुबह संचालित होने वाली दिल्ली की उड़ान एक से डेढ़ घंटे प्रभावित रही, वहीं दोपहर की एक फ्लाइट को कैंसिल किया गया। **होती रहीं कई चर्चाएं :** विमानों की आवाजाही के विलंब होने को लेकर विभिन्न तरह की चर्चाएं होती रहीं। कारणों में इसे रनवे की तकनीकी दिक्कतों से जोड़कर भी देखा जा रहा था, हालांकि इस बारे में किसी तरह की अधिकृत पुष्टि नहीं हो पाई है। वहीं कुछ फ्लाइट के डायवर्ट होने का हल्ला भी मचता रहा।

### कुसुम प्लांट हादसाः मृतक .....

गई, जिसके बाद मामला शांत हुआ। दूसरी ओर प्लांट में पिछले 24 घंटे से रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। प्रशासनिक अमला मौके पर जुटा हुआ है। कुसुम प्लांट में हादसे के दौरान चिमनी गिरने से घायल श्रमिक मनोज कुमार की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। कई अन्य श्रमिक चिमनी के नीचे फंस गए। इस हादसे ने स्थानीय प्रशासन और प्लांट प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में तनाव का माहौल है। शुक्रवार को जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए रखे श्रमिक मनोज कुमार धृतलहरे के परिजन ने हंगामा मचाना शुरू कर दिया। शासन के साथ ही कंपनी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई, इसके बाद मामला बिगड़ता देख डाक्टरों ने प्रशासन को इसकी जानकारी दी। इस बीच मुंगेली जिले की तहसीलदार प्रकृति ध्रुव व अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और परिजन से चर्चा की। कई और मामले को शांत कराने के लिए तत्काल 1 लाख की सहायता दी गई है, जिसके बाद परिजन को समझा बुझाकर शव ले जाने के लिए मना लिया गया है।

### 24 घंटे से चल ....

स्मेल्टर्स पॉवर प्लांट में गुरुवार को को दोपहर करीब 01 बजकर 09 मिनट में प्लांट में रखे भारी सैलो ( भंडारण टैंक) के गिरने के कारण मौके पर काम कर रहे मजदूर अब भी दबे हुए हैं। मौके पर जिला कलेक्टर राहुल देव, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल व जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय द्वारा लगातार नजर रखी जा रही है।

### तेलगांना के सूर्यापेट में...

की बस क्रमांक सीजी 17 केएस 7719 व ट्रक के बीच तड़के साढ़े 3 से 4 बजे के बीच ट्रक से टक्कर हो गई।

### इस साल तीन...

हैं। उन्होंने कहा प्रदेश में आठ लाख 47 हजार पीएम आवास पहले ही दिया गया है। वहीं अब तीन लाख 3384 इस साल व अगले साल इतने ही मकान और बनेंगे। हितग्राहियों को मकान की चाबी सौंपी और लखपति दीदियों का सम्मान किया गया।

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को दुर्ग के नगपुरा गांव में मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम में पहुंचे थे। नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के पहले उनका जिले में दौरा खास माना जा रहा था। आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने सभा को संबोधित किया। उन्होंने इस दौरान पीएम आवास की स्वीकृति के साथ तय किए गए मापदंड में भी बदलाव किया।

**किसानों को 203 करोड की सौगात**

केन्द्रिय मंत्री ने नगपुरा के बाद कुम्हारी के खपरी गांव में छग युवा प्रगतिशील किसान संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बागवानी विकास के लिए 203 करोड रुपए की सौगात दी हैं। इस राशि से ड्रिप एरीगेशन की खेती की जाएगी। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को संबोधित करते हुए कहा कि इनकी सरकार धान के उत्पादन की भरपूर राशि दे रही है, प्रति क्विंटल 31 सौ रुपए देना बड़ी बात हैं। उन्होंने मनरेगा के तहत राशि जारी करने और जनमत योजना के तहत सड़कों के लिए प्रदेश को 2449 करोड़ देने की बात कही। उन्होंने छग में भी भावांतर योजना लागू करेंगे। इसमें तिलहन फसल की बिक्री में एमएसपी दर से कम होगी, तो अंतर की राशि केन्द्र और राज्य बराबर राशि मिलाकर नुकसान की सरकार भरपाई करेगी। केन्द्र की मंशा है कि, किसानों की आय दोगुनी की जाएगी।

**छग में पांच साल विकास रुक गया :** नगपुरा के मंच से केन्द्रिय मंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह को संबोधित करते हुए कहा, छग को दिशा देने वाले रमन सिंह विकास पुरुष रहे हैं। लेकिन पूर्व की सरकार ने पांच साल विकास रोक दिया। जैसे कालनेमी ने हनुमान जी को रोकने का प्रयास किया था। इस सरकार ने गरीबों का आवास भी छीन लिया। उन्होंने कहा मैं प्रत्येक जिले में दो करोड़ की राशि जारी कर रोजगार के लिए ट्रेनिंग सेंटर खोलने अनुमति दूंगा। उन्होंने कहा कुम्हारी में किसान संगठन द्वारा कुछ मांग सौंपे हैं, जिसमें क्राफ कटिंग का सर्वे रिमोर्ट सेसिंग पद्धति से किए जाने की बात कही गई। जिससे नुकसान का वास्तविक आंकलन सांइटिफिक तरीके से होगा। वहीं फसल के बीमार लगने पर इसके रोकथाम के लिए जल्द ही आईसीआर और राज्य सरकार मिलकर लैब बनाने की सहमति दी गई। मशीनों में सब्सिडी बढाने और मशीन खरीदी की टारगेट बढाने की मांग की गई। इस दौरान संघ के प्रदेश अध्यक्ष विरेन्द्र लोहान, उपाध्यक्ष दीप चौहान, सचिव भूपेन्द्र दुबे, दिलीप राठौर, अनिल चौहान, संजय गोहिल व हर्षित पढिहार थे।

**चौहान ने ये भी दीं जानकारी :** श्री चौहान ने कहा कि, अब मोटर साइकिल रहने पर हितग्राही का नाम नहीं काटा जाएगा। दस हजार की जगह अब पन्द्रह हजार माह की आय होने पर भी पीएम आवास का लाभ दिया जाएगा। वहीं लखपति दीदी अभियान शुरू किया जाएगा और दस हजार की जगह अब पन्द्रह हजार माह की आय होने पर भी पीएम आवास का लाभ दिया जाएगा। वहीं ढाई और पांच एकड़ वाले लोगों को भी घर दिया जाएगा।

### शिवराज ने सीएम साय...

दौरान आपके राज्य के लिए अंतिम आवास प्लस 2018 की सर्वेक्षण सूची से 3 लाख 3 हजार 384 घरों के अतिरिक्त लक्ष्य को आवंटित कर दिया गया है। इस तरह अब कुल 11 लाख 65 हजार 315 आवास का समग्र लक्ष्य आवंटित किया गया है।

### जमीन विवाद में एक...

कर दिया। इस घटना में महिला पुरुष और उसके बेटे की मौत हो गई है। इस घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शवों को पीएम के लिए भेजा गया है इसके साथ ही कुछ संदेहियों को हिरासत में लिया गया है।

### एसडीएम न्यायालय से...

बाद जमीन पर अपना अधिकार जताने के लिए शुक्रवार को परिवार ट्रैक्टर लेकर खेत में जुताई करने पहुंचा था लेकिन इसी दौरान आरोपी रिस्तेदार भी मौके पर पहुंच गए। आरोपी पहले से हथियार लेकर आए थे और विवाद बढ़ने पर उन्होंने तीनों को मौत के घाट उतार दिया।


**कार्यालय, प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक खैरागढ**
**जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छत्तीसगढ़), पिन-491881**
**दूरभाषः 07820-234010, ई-मेलः govtpolykgh@gmail.com, website-www.gpkgh.co.in**

**सूचना**

श्री सुबीर किरण बाघ, सहा. वर्ग 03, शासकीय पॉलीटेक्निक खैरागढ़ को सूचित किया जाता है कि आपके विरूद्ध संस्था में बिना सूचना के अनुपस्थिति के संबंध में विभागीय जांच संस्थित है।

आपके ज्ञात पतों पर विभागीय जांच में उपस्थित होने हेतु पंजीकृत डाक द्वारा पत्र प्रेषित किया गया है। आपके द्वारा पत्र लेने से इंकार किया गया है एवं पत्र वापस आ गये है।

अतः आपको इस प्रेस विज्ञप्ति के द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 10 दिवस के भीतर संस्था में उपस्थित होकर विभागीय जांच में अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थिति सुनिश्चित करें। आपकी अनुपस्थित की स्थिति में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी, जिसके लिये आप स्वयं जिम्मेदार होंगें।

G-242505268/2

**प्राचार्य**
**शासकीय पॉलीटेक्निक खैरागढ़**



**उच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़, बिलासपुर**

**प्रत्यर्थी को अपील की सूचना नोटिस**
**(अधिनियम क्रमांक 5 सन् 1908 आदेश इकतालिस, नियम 14)**

**अपील क्रमांक MAC No.1223 of 2018**
**द न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड**
**विरुद्ध श्रीमती माहेश्वरी कैवर्त्य एवं अन्य**

**सन् 2003 के सिविल प्रकरण क्र. Claim case no. 161 / 2015 न्यायालय - प्रथम अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, रायपुर के चतुर्थ अतिरिक्त दावा अधिकरण, रायपर (छ.ग.) आदेश दिनांक 26/03/2018 के विरुद्ध अपील।**

**प्रति,**
**प्रत्यर्थी क्र.06 गगन बेदी पिता-जोगिन्दर पाल बेदी, उम्र लगभग 24 वर्ष निवासी - म. नं. 1866 , गली नं. 2 , लालगंगा मिडास गली, फाफाडीह, रामदेव टिम्बर, शिव मंदिर, रायपुर, जिला- रायपुर (छ.ग.)**

**कृपया सूचित हो कि ऊपर वर्णित अपील द न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत की गई और इस न्यायालय में पंजीकृत की गई हैं तथा इस न्यायालय द्वारा अपील की सुनवाई का दिनांक 27 / 01 / 2025 नियत की गई हैं। आपत्तियां / प्रतिआपत्तियां यदि कोई हो, इस सूचना (नोटिस) के प्राप्त होने के दिनांक से नियत तिथि के पूर्व फाइल की जानी चाहिए।**

**आपको अपील की सुनवाई के लिए नियत दिनांक को तैयार रहना चाहिए किन्तु यदि न्यायालय के काम काज के कारण अपील उस दिनांक को न्यायालय में न सुनी जा सके तो वह उसके बाद यथासाध्य शीघ्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी । यदि अपनी ओर से आप स्वयं आपका वकील या इस के संबंध में आपके लिए कार्य करने के लिये विधिवत् प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं हुआ तो अपील आपकी अनुपस्थिति में सुनी जाएगी और निर्णय दिया जाएगा।**

**आज दिनांक 07 / 12 / 2024 को मेरे हस्ताक्षर और उच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़, बिलासपुर की मुहर से दिया गया।**

**असिस्टेंट रजिस्ट्रार**
**सिविल न्यायिक शाखा**



**न्यायालय तहसीलदार भानुप्रतापपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

**रा.प्र.क्र./202411140100012/अ-20(3)/2024-25 ग्राम-धनगुडरा, प.ह.न.-06 सम्बलपुर**

**// उद्घोषणा //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण **धनगुडरा** के आम जनता को इस उदघोषणा के जरिये प्रकाशन कर सूचित किया जाता है, कि आवेदक कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संभाग कोण्डागांव के पत्र क्रमांक /1847/ कार्य अभि/ संभाग कोण्डागांव/ 2024 दिनांक 25.11.2024 के अनुसार ग्राम धनगुडरा पटवारी हल्का नम्बर 06 स्थित शासकीय भूमि खसरा नम्बर 400 में से रकबा 2.50 एकड़ भूमि अटल विहार योजनांतर्गत 1.00 रूपया प्रतिवर्गफीट की दर से आवास निर्माण के लिये आबंटित करने मांग किये जाने हेतु कलेक्टर महोदय जिला उत्तर बस्तर कांकेर को आवेदन करने पर राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड चार क्रमांक-1 में निहित प्रावधान एवं भूमि हस्तांतरण के लिए शासन द्वारा निर्धारित वर्तमान चेकलिस्ट के अनुसार जांच प्रतिवेदनार्थ प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भानुप्रतापपुर के माध्यम से प्राप्त हुआ है । अतः ग्राम धनगुडरा स्थित उक्त आवेदित भूमि को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संभाग कोण्डागांव के नाम आबंटित किये जाने से किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना दावा. आपत्ति इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण में नियत पेशी तिथि 22/01/2025 तक पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के पशचात प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 30/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से निष्पादित किया जाता है ।

मुहर

**तहसीलदार**
**भानुप्रतापपुर**



**Rani Avanti Bai Lodhi College of Agriculture and Research Station Chhuikhadan**
**Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya**
**Dist: Khairagarh-Chhuikhadan-Gandai (CG)**
**Email: cars.chhuikhadan@igkv.ac.in**

**No./RABL-CARS/Dean/2025 /1657 Chhuikhadan, Dated: 10/01/2025**

WALK-IN-INTERVIEW

Interested eligible candidates are invited to appear in a Walk-in- Interview for Guest Teacher on contractual basis in the discipline of Genetics & Plant Breeding(01), Vegetable Science(01) and Agronomy (01).

Last Date for submission of Application Form: **22/01/2025** (upto **5:00** PM) to The Office of the Dean, Rani Avanti Bai Lodhi, College of Agriculture & Research Station, Chhuikhadan, KCG-**491 885**(C.G.) or through E Mail: cars.chhuikhadan@igkv.ac.in.

Date and Time for Interview: **27/01/2025 (10:00** AM onwards)

Venue of Interview: Office of the Dean, College of Agriculture, Krishak Nagar, Raipur-**492 012** (CG)

Detail information regarding Qualification, Application Form, Pay and other terms & conditions can be seen on College Notice Board and niversity Website www.igkv.ac.in

**Dean**
**RABL CARS**
**Chhuikhadan**



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, वि/यां मिनीमाता बांगो संभाग माचाडोली मुख्यालय कटघोरा जिला - कोरबा (छ. ग.)**
**Email ID : eeenrgh@cgwrd.in (:07815-297058)**

पत्र. क्र. 80 / व.ले. लि / 2025 / कटघोरा दिनांक 09.01.2025

**निविदा निरस्तीकरण आदेश**

कार्यालय प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग शिवनाथ भवन सेक्टर-19, नार्थ ब्लाक, नवा रायपुर, अटल नगर रायपुर का पत्र क्र. 4263427 / नि.प्र. / 2024 / दिनांक 06.01.2025 के परिपालन में इस कार्यालय का निविदा सूचना क्र. 10/ व.ले.लि. /2024-25/ दिनांक 12.12.2024 सिस्टम निविदा क्र. 162527 (प्रथम आमंत्रण) जिला - रायगढ़ विकासखंड के केलो बांध के रेडियल गेटों के पेंटिग एवं रबर सील बदलने से संबंधित कार्य अमुमोदित राशि 169.14 लाख के कार्य लिये आमंत्रित की गई निविदा में प्रतिभागी एकल निविदाकार होने के कारण निविदा निरस्त की जाती है । जिसका पूर्व में आपके कार्यालय द्वारा जारी जी नंबर 242504545/2 है ।

G-242505252/4

**कार्यपालन अभियंता**
**वि/यां मिनीमाता बांगो संभाग माचाडोली**
**मुख्या. कटघोरा जिला - कोरबा (छ.ग.)**



**न्यायालय नायब तहसीलदार, लखनपुरी**
**जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**
रा.मा.क्र.-202406140100004/
अ-20(1)/2024-25
ग्राम-कोहकाबाबू, प.ह.नं. 24, तहसील चारामा

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संभाग कोण्डागांव के पत्र क्रमांक 995/ कार्य. अभि./ संभाग कोण्डागांव/ 2024/दिनांक 03.06.2024 के अनुसार ग्राम कोहकाबाबू, प.ह.नं. 24 तहसील चारामा में स्थित शासकीय भूमि खसरा नं. 507 रकबा 2.730 हेक्टेयर भूमि नवीन प्रस्तावित अटल विहार योजना के लिए 1.00 रूपये प्रति वर्गफीट की दर से आबंटित करने मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 23.01.2025 तक स्वयं या आममुख्तियार के माध्यम से इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 08.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया ।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**लखनपुरी**


## राशिफल

**मेष** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** — मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**तुला** — वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**धनु** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** — मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## शब्द पहेली - 5744



**बाएँ से दाएँ**
1.राजीव गांधी की पत्नी का नाम-3,2
4.उदारता,बडप्पन-4
7.भोजन,खाद्य पदार्थ-2
8.प्रहरी,रक्षा करने वाला-3
9.अपशिष्ट पदार्थ-2
10.कामदेव,चंद्रमा-4
11.नाड़ी,नस-2
13.जबरन,जबरदस्ती-3
14.वायदा,वचन-2
15.भवन,आलय-3
17.आर्ट,हुनर-2
19.ख्वाबगाह, आरामगाह, सोने का कमरा-5
22.उद्देश्यहीनता-5
25.परिणाम-2
26.अंजन,नेत्रांजन-3
28.सांझ,संध्या-2
29.अधीन-3
30.निश्चित-2
32.निष्ठावान,सत्तानिष्ठ-4
34.बेईमान,सेंधमार-2
36.दाम,मूल्य-3
37.एक छोटी सवारी गाड़ी-2
38.मुस्लिम कैलेंडर का एक महीना-4
39.अश्रु,आंसू-5

**ऊपर से नीचे**
1.स्वर्ण,कनक-2
2.गुजर करना-3
3.धैर्यवान-3,2
4.राशिचक्र की एक राशि-3
5.आंशिक भीगा हुआ-2
6.सामंजस्य-4
7.यायावर,बंजारा-5
10.चुनाव,वोटिंग-4
12.दुख,कष्ट-2
16.यज्ञ,होम-3
17.कमरा,रूम-2
18.उम्मीद,आस-2
20.जुड़वा-3
21.प्याला-2
22.हृदय,हार्ट-2
23.निकृष्टतर-4
24.बलवान,दमदार-5
25.स्वदेशवासी-5
26.आलसी,निठल्ली-4
27.बुरी आदत-2
31.भरोसा,विश्वास-3
33.आंचल,पल्लू-3
35.अंग्रेजी शराब का एक प्रकार-2
37.समय, वक्त-2

**शब्द पहेली -5743 का हल**



## सूडोकु नवताल- 5755

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5754 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |




# 'ऑल इंडिया स्टील कॉनक्लेव 2.0' का शानदार आगाज

- 300 मिलियन टन स्टील उत्पादन का लक्ष्य पाने छत्तीसगढ़ की होगी अहम भूमिका : सीएम साय
- स्टील उद्योग की दिशा और विकास पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

| 1. | Name of the Work | Request for Proposal for Selection of Consultant for preparation of Detailed Project Report (DPR) and providing Project Management Consultancy (PMC) services for Interception & Diversion and STPs along with related infrastructure in 10 towns in Santhal Cluster in Jharkhand. |
| 2. | Mode of submission of bids | e-tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 3. | Tender Fee & Earnest Money Deposit (EMD) (In INR) | Tender document fee: Rs.10,000/- (Rupees Ten Thousand) only [Non-Refundable] EMD : Rs. 2,00,000/- (Rupees Two Lakh) only. (to be paid Online) |
| 4. | Date of publication of Tender online | 10.01.2025, 1700 Hrs |
| 5. | Date of Pre-Bid meeting | 20.01.2025, 1600 Hrs |
| 6. | Last Date/Time for submission of online bids | 03.02.2025, 1700 Hrs |
| 7. | Last Date of submission of EMD and Tender fees | 04.02.2025, 1700 Hrs |
| 8. | Date of Bid Opening | 04.02.2025, 1730 Hrs |
| 9. | Tender fee and EMD submission address | Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Limited, JUIDCO Bhawan, Kutchery Road, Ranchi – 834001 |
| 10. | Helpline no. | +91 651 2225878 |

**Note: Only e-tenders will be accepted.**
Further details are available on Jharkhand Government e-procurement website http//:jharkhandtenders.gov.in

**PR 344008 Urban Development and Housing(24-25).D**

**Sd/- Project Director (Tech), JUIDCO Ltd.**

## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

eProcurement Portal:https://eproc.cgstate.gov.in

**( द्वितीय आमंत्रण )**

**सिस्टम निविदा क्र. 163954/निविदा सूचना क्र.14/वलेलि/ 2024-25, महासमुंद, दिनांक 09.01.2025**

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक **27.01.2025, समय 17:30** तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैः-

**कार्य का नाम :** महासमुंद जिले के विकासखण्ड महासमुंद की कोडार परियोजना अंतर्गत जल संसाधन संभाग के संभाग एवं उपसंभाग के समस्त कार्यालय भवन एवं आवासीय भवनों का जीर्णोद्धार एवं उन्नयन कार्य।

**अनुमानित लागत : रूपये 281.23 लाख।**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साईट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **16.01.2025** समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

**नोट :** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

**कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग, महासमुंद कृते, मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार, जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)**

G-242505247/2

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग बालोद संभाग, बालोद

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

**क्रमांक- 148 / व.ले.लि./NIT-09/2024-25/बालोद** **दिनांक 10/01/2025**

1. निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 14/01/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2. ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 20/01/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि :- 21/01/2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

| एनआईटी क्र निविदा क्र | कार्य का नाम / No Of Calls | कार्य की अनुमानित लागत (रू.लाख में) अमानत राशि बैंक साल्वेंसी |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 07 T0047 | अनुविभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत शासकीय शहीद कौशल यादव महाविधालय गुण्डरदेही में सायकल स्टैण्ड का कार्य (द्वितीय निविदा) | 18.63 13995.00 279900.00 |
| 07 T0048 | अनुविभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत व्यवहार न्यायालय भवनं गुण्डरदेही के सामने डी.जी. शेड, मालखान रूम शेड, अधिवक्ता कक्ष शेड, लोक सेवा केन्द्र तथा कार पार्किंग निर्माण तथा न्यायिक अधिकारी हेतु पृथक से विश्राम कक्ष एवं महिला पक्षकारों हेतु पृथक से कक्ष निर्माण कार्य। (द्वितीय निविदा) | 17.57 13178.00 263550.00 |
| 08 T0049 | अनुविभाग क्रमांक 02 बालोद के अंतर्गत सिवनी में स्वरोजगार के माध्यम से जीविका अर्जन करने हेतु दुकान सह पैसेज का रेनोवेशन कार्य (द्वितीय निविदा) | 20.00 15000.00 300000.00 |
| 08 T0050 | अनुविभाग क्रमांक 02 बालोद के अंतर्गत सिवनी में युवा गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए आडिटोरियम में आवश्यक कार्य (द्वितीय निविदा) | 20.00 15000.00 300000.00 |

**नियम व शर्ते :-**
1) पंजीयन की छायाप्रति 2) पेन कार्ड की छायाप्रति 3) जी.एस.टी. प्रमाण पत्र की छायाप्रति 4) श्रमिक पंजीयन / ई.पी.एफ. पंजीयन प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति (राजपत्रित अधिकारी / नोटरी द्वारा) 5) निविदाकारों की श्रेणी "द" से "अ" निविदा प्रपत्र की कीमत राशि रू. 750.00 एवं कार्य की अवधि "02 माह" होगी।

**कार्यपालन अभियंता लो.नि.वि. बालोद संभाग बालोद**

G-242505249/1

## छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर

क्रमांक 2210 दिनांक 08/01/2025

**अल्पकालीन द्वितीय ई-निविदा प्रपत्र**

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा मण्डल की विभिन्न परीक्षाओं के उत्तरपुस्तिकाओं हेतु स्वतः चिपकन वाला खोखला क्राफ्ट स्टिकर के मुद्रण हेतु ई-निविदा आमंत्रित की गई है। जो क्ले कोटेड ब्लीच्ड क्रॉफ्ट रिलीज पेपर पर होना चाहिये। क्राफ्ट पेपर एवं रिलीज पेपर न्यूनतम 70 GSM का हो तथा IS (Indian Standard) NO. 1397:1990 के नवीन मानको के अनुरूप होना चाहिए। निविदाकार को प्रेसपंजीकरण अधिनियम के तहत प्रिंटिंग प्रेस के रूप में पंजीकृत होना चाहिए एवं फर्म का टर्न ओव्हर विगत तीन वर्ष में 3 करोड़ रूपये प्रति वर्ष होना अनिवार्य है।

**निविदा हेतु तिथियां**

| | | |
|---|---|---|
| निविदा विक्रय की अंतिम तिथि | दिनांकः 27.01.2025 | 11:00 बजे तक (पूर्वान्ह) |
| निविदा प्रपत्र, तकनिकी कागज, ईएमडी, सैम्पल / कागज भौतिक रूप से जमा करने की तिथि | दिनांकः 27.01.2025 | 12:00 बजे तक (अपरान्ह) |
| निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करने की तिथि | दिनांकः 27.01.2025 | 02:00 बजे तक (अपरान्ह) |
| निविदा खोलने की तिथि | दिनांकः 27.01.2025 | 03:00 बजे (अपरान्ह) |

**नियम और शर्तें -**

1. निविदा दस्तावेज 27-01-2025 पूर्वान्ह 11:00 बजे तक https://eproc.cgstate.gov.in से ऑनलाइन डाउनलोड और निविदा जमा किए जा सकते हैं। टेंडर में भाग लेने के लिए बोलीदाताओं को रुपये 2,000.00 का ऑनलाईन भुगतान करना होगा। (निविदा शुल्क अतिरिक्त)।
2. निविदा में भाग लेने के लिए बोलीदाताओं को https://eproc.cgstate.gov.in पर पंजीकृत होना होगा।
3. चूंकि ऑनलाइन बोलीदाताओं को डिजिटल हस्ताक्षर का उपयोग करके अपनी बोलियों पर ऑनलाइन हस्ताक्षर करना आवश्यक है, इसलिए बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे डिजिटल हस्ताक्षर जल्द से जल्द प्राप्त कर लें।
4. बोलीदाताओं को निविदा प्रपत्र, तकनिकी कागज ईएमडी, सैम्पल / कागज भौतिक रूप से दिनांक 27-01-2025 अपरान्ह 12.00 बजे तक जमा करना होगा।
5. बोलीदाताओं के सभी आवश्यक दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड किए जाने है और उन्हें 27-01-2025 अपरान्ह 02:00 बजे तक छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल, पेंशनबाडा, रायपुर (छ.ग.) के कार्यालय में मैन्युअल रूप से जमा करना होगा। निविदा दस्तावेजों का मूल्यांकन करते समय केवल ऑनलाइन अपलोड किए गए दस्तावेजों पर ही विचार किया जाएगा।
6. बोलीदाताओं को सुझाव दिया जाता है कि वे ऑनलाइन बोली जमा करने के लिए निविदा दस्तावेज के साथ संलग्न दिशा निर्देश देखें।

बोलीदाताओं को तकनीकी बोली के साथ डिमांड ड्राफ्ट के रूप में बयाना राशि (ईएमडी) जमा करनी होगी। अन्य नियम एवं शर्तें निविदा दस्तावेज के अनुसा रहोंगी।

**छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर (छ.ग.)**

S-42739/2




**13 जनवरी से शुरू होकर 26 फरवरी तक चलेगा यह महाआयोजन**

*प्रयागराज। संगम नगरी में 13 जनवरी से शुरू हो रहे महाकुंभ में श्रद्धालुओं और पर्यटकों को एक अनोखा अनुभव देने के लिए 'डोम सिटी' बनाई गई है। ये भारत की पहली डोम सिटी है, जहां लक्जरी और आध्यात्मिकता का संगम देखने को मिलेगा। डोम सिटी में 44 बुलेटप्रूफ और फायरप्रूफ पारदर्शी डोम बनाए गए है। इन डोम्स की छत रिमोट से ऑपरेट होती है, जिससे आप रात में आसमान के चमचमाते तारों का नजारा ले सकते हैं. हर डोम को खूबसूरती से सजाया गया है, जिसमें आधुनिकता और आध्यात्मिकता का अनूठा मेल नजर आता है।*

# अध्यात्म और लग्जरी का संगम है डोम सिटी


प्रयागराज महाकुंभ में बनाए गए हैं 44 बुलेटप्रूफ-फायरप्रूफ पारदर्शी डोम

### मिलेंगी यह सुविधाएं

हर डोम में अटैच्ड टॉयलेट और बाथरूम है।ओपन एयर स्पेस, जहां से गंगा और महाकुंभ की गतिविधियों के दर्शन होंगे। साथ ही यज्ञशालाएं, मंदिर, योग करने की जगह है। रोजाना सांस्कृतिक कार्यक्रम और भव्य आरती है।

### लाखों में ठहरने का खर्च

डोम सिटी में रुकने का अनुभव किसी फाइव-स्टार होटल से भी ज्यादा खास है। यहां ठहरने का किराया स्नान पर्व के दिनों में 1,11,000 रुपये प्रति रात है, जबकि अन्य दिनों में 81,000 रुपये प्रति रात है। इसके साथ ही वुडन कॉटेज का किराया 41,000 से 61,000 रुपये तक है।

### पहली बार भारत में इग्लू जैसा अनुभव

डोम सिटी का कॉन्सेप्ट बर्फीले देशों के इग्लू से प्रेरित है। हालांकि, भारत में यह पहली बार इतनी भव्यता के साथ लाया गया है। हर डोम 15 फीट ऊंचाई पर बनाया गया है, जिससे हर दिशा का बेहतरीन व्यू मिलता है। इसे गोलाकार आकार में फाइबर की सीट से तैयार किया जाता है। जबरदस्त ठंड से बचाने में यह काफी कारगर साबित होता है। भारत में चुनिंदा हिल स्टेशन पर इक्का-दुक्का डोम बनाए गए हैं. प्रयागराज महाकुंभ में एक साथ चौवालीस डोम और उनके साथ तकरीबन पौने दो सौ वुडन कॉटेज की अलग सिटी बसाई जा रही है।



### बुकिंग में जबरदस्त क्रेज

डोम सिटी की बुकिंग को लेकर लोगों में गजब का उत्साह देखा जा रहा है। आध्यात्मिकता और लक्जरी का ऐसा संगम शायद ही पहले कभी देखने को मिला हो।

## पंचायती अखाड़ा निरंजनी का शाही प्रवेश जुलूस


*प्रयागराज। श्री पंचायती अखाड़ा नया उदासीन निर्वाण के साधु शुक्रवार को शाही प्रवेश जुलूस, चवन्नी प्रवेश में भाग लेते हुए। इस दौरान, कलाकारों ने भी प्रदर्शन किया।*





**पुलिस ने की पानी की बौछार हिरासत में कई कार्यकर्ता**

# केजरीवाल के घर के पास भाजपा ने किया 'पूर्वांचल सम्मान मार्च'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अरविंद केजरीवाल पर पूर्वांचलियों का अपमान करने का आरोप लगाते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्वांचल मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संतोष ओझा के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। अशोक रोड से प्रदर्शनकारियों ने पूर्वांचल सम्मान मार्च निकाला। नारेबाजी करते हुए प्रदर्शनकारी फिरोजशाह रोड स्थित केजरीवाल के आवास की ओर बढ़ रहे थे। उन्हें रोकने के लिए पुलिस ने बैरिकेड लगा रखे थे। उसे तोड़ने का प्रयास कर रहे प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने पानी के बौछार डाले। कुछ कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया।

ओझा ने कहा, केजरीवाल उत्तर प्रदेश व बिहार के लोगों के साथ नफरत करते हैं। वह कई बार उनके विरुद्ध अ.पमानजनक बयान दे चुके हैं। बृहस्पतिवार को भी चुनाव आयोग के कार्यालय के बाहर उत्तर प्रदेश व बिहार के लोगों को फर्जी मतदाता बताकर उनके नाम काटने की मांग की। भाजपा के मुख्य प्रवक्ता और विधायक अभय वर्मा ने कहा, प्रदर्शन कर रहे पूर्वांचल के लोगों के लिए एक बार फिर से केजरीवाल ने अपमानजनक शब्दों का उपयोग किया है। प्रदर्शनकारी पूर्वांचलियों को वह दोगला कहकर संबोधित कर रहे हैं।



### बीजेपी ने दिल्ली को बनाया क्राइम कैपिटल : केजरीवाल



इधर, आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने बीजेपी और गृहमंत्री अमित शाह पर निशाना साधा है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भाजपा ने दिल्ली को भारत की अपराध राजधानी बना दिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में डकैती, चेन स्नैचिंग, गैंगवार हो रहे हैं और महिलाओं का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। केजरीवाल ने कहा, 'बीजेपी को दिल्ली के लोगों से नफरत करती है। उनकी नफरत के कारण ही वे पिछले 25 वर्षों में दिल्ली की सत्ता में वापस नहीं लौटे हैं। मैंने दिल्ली के लोगों को आश्वासन दिया है कि आप सरकार बनने पर आरडब्ल्यूए को अपने-अपने क्षेत्रों में निजी सुरक्षा गार्ड नियुक्त करने के लिए दिल्ली सरकार से पैसा मिलेगा।



### चुनाव आयोग से करेंगे शिकायत

दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष सचदेवा ने कहा है कि हमारे पास इस बात की पुख्ता जानकारी है कि केजरीवाल जान बूझकर कुछ विधानसभाओं में अपने कार्यकर्ताओं के घर में बड़ी संख्या में ऐसे वोट बनवा रहे हैं जो लोग दिल्ली में नहीं रहते वो अचानक वोट वाले दिन वोट डालने आएंगे। इसी को लेकर आज हमने चुनाव आयोग से समय मांगा है और समय मिलते ही शिकायत करने जाएंगे।

### कांग्रेस का कुंभ की तर्ज पर यमुना के किनारे छठ महापर्व मनाने का वादा

तीनों ही राजनीतिक दलों के लिए पूर्वांचल के वोटर्स काफी अहम माने जा रहे हैं और उन्हें लुभाने के लिए कांग्रेस ने छठ पूजा को लेकर बड़ा ऐलान किया है। कांग्रेस ने पार्टी ने कहा है कि महाकुंभ की तर्ज पर दिल्ली में यमुना के किनारे छठ पूजा मानाई जाएगी। दिल्ली चुनाव को लेकर बिहार कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने ऐलान किया है कि कुंभ की तर्ज पर दिल्ली में यमुना किनारे छठ महापर्व का आयोजन किया जाएगा। वहीं छठ के अलग से दिवंगत लोकगायिका शारदा सिन्हा के नाम पर जिला गठित किया जाएगा।

## कृष्ण जन्मस्थान-शाही ईदगाह भूमि विवाद

# इलाहाबाद कोर्ट के फैसले में हस्तक्षेप क्यों करना चाहिए?

**सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष से पूछा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सवाल किया कि उसे कृष्ण जन्मस्थान-शाही ईदगाह भूमि विवाद से संबंधित लगभग 15 मुकदमों की एक साथ सुनवाई में उसे कुछ भी गलत नहीं लगता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि उसे मथुरा की विभिन्न दीवानी अदालतों से अपने पास स्थानांतरित करने के इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले में हस्तक्षेप क्यों करना चाहिए? इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। सीजेआई जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने कहा कि मुकदमों का एकीकरण पक्षों के लिए फायदेमंद है, क्योंकि इससे कई कार्यवाहियों से बचा जा सकेगा।

पीठ ने मुस्लिम पक्ष की ओर से उपस्थित वकील से पूछा कि हमें मुकदमों के एकीकरण में हस्तक्षेप क्यों करना चाहिए? मुस्लिम पक्ष ने मथुरा ज़िला कोर्ट से सभी मामलों को इलाहाबाद हाई कोर्ट ट्रांसफर करने और उनकी एक साथ सुनवाई का विरोध किया है।

वकील ने कहा कि मुकदमों की प्रकृति समान नहीं है और यदि उन मुकदमों पर एक साथ विचार किया गया तो कठिनाइयां पैदा हो जाएंगी। हालांकि, पीठ ने महसूस किया कि इससे कोई दिक्कत पैदा नहीं होगी और यह पक्षों के हित में है। पीठ ने मौखिक रूप से टिप्पणी करते हुए कहा कि यदि मुकदमों को एकीकृत कर दिया जाए तो इससे क्या फर्क पड़ता है। मामले की अगली सुनवाई 1 अप्रैल, 2025 तक के लिए स्थगित कर दी गई।



### ये है मामला

हाई कोर्ट ने 26 मई, 2023 को कृष्ण जन्मस्थान-शाही ईदगाह भूमि विवाद से संबंधित लगभग 18 मुकदमों को मथुरा की विभिन्न सिविल अदालतों से अपने यहां स्थानांतरित करके सुनवाई करने का निर्णय लिया था। 1 अगस्त 2024 को उच्च न्यायालय ने कहा कि कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद से संबंधित 15 मुकदमों में मुकदमा जारी रह सकता है, क्योंकि उसने मस्जिद प्रबंधन समिति की चुनौती को खारिज कर दिया था। 16 जनवरी, 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 14 दिसंबर, 2023 के आदेश पर रोक लगा दी थी, जिसमें मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटे शाही ईदगाह मस्जिद का सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया गया था।

JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं? चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?

वैदेही तुलसी कफ सीरप
नई एवं पुरानी खांसी, एलर्जी खांसी, श्वास, निमोनिया, कुकुरखांसी, टान्सिल, ब्रानकाटिस, सर्दी आदि में तेज असर कारक
2 वर्ष से बड़े बच्चों के लिए हानिरहित कफ सिरप
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

# साइबर फ्रॉड से सुप्रीम कोर्ट भी हलाकान जारी की 15 फिशिंग साइट की लिस्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में साइबर अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वो सुप्रीम कोर्ट को भी नहीं छोड़ रहे। इसकी तस्दीक खुद सुप्रीम कोर्ट ने की है। शीर्ष अदालत ने एक पब्लिक नोटिस जारी कर कहा है कि उस पर साइबर फ्रॉडों ने फिशिंग हमला बोला है। इसके साथ ही सर्वोच्च न्यायालय (एससी) रजिस्ट्री ने एक पब्लिक नोटिस जारी करते हुए फर्जी वेबसाइट को लेकर लोगों को आगाह किया है।

रजिस्ट्री ने एक नोटिस में बताया है कि साइबर अपराधी शीर्ष अदालत की आधिकारिक वेबसाइट की नकल कर लोगों को चूना लगा सकते हैं। रजिस्ट्री ने ऐसी 15 वेबसाइटों की सूची बनाई है, जो एससी की वेबसाइट से मिलती-जुलती यूआरएल बनाकर लोगों को धोखा दे रहे हैं और शीर्ष अदालत की वेबसाइट से भी जजों और अदालत की निजी और गोपनीय जानकारी में सेंध लगाने की कोशिश कर रही हैं।

**एससी रजिस्ट्री ने जारी किया पब्लिक नोटिस**



### आमजनों को दी सलाह

सुप्रीम कोर्ट ने आमजनों से फर्जी वेबसाइट्स से बचकर रहने की सलाह दी है। रजिस्ट्री ने कहा है कि सरकारी वेबसाइट की तरह दिखने वाले फिशिंग वेबसाइट्स आपका निजी डेटा चोरी कर सकते हैं और साइबर फ्रॉड साइबर अपराध को अंजाम दे सकते हैं। एससी रजिस्ट्री ने ऐसी फर्जी वेबसाइट्स पर क्लिक नहीं करने की सलाह दी है। अपनी एडवाजरी में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि शीर्ष अदालत कभी भी किसी यूजर से उनकी निजी जानकारी, वित्तीय जानकारी आदि नहीं मांगता है। ऐसे में अगर कोई वेबसाइट ऐसी जानकारी मांगता है तो सतर्क रहें।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय खेलों में फुटबॉल के ड्रॉ की हुई घोषणा

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड में होने वाले राष्ट्रीय खेलों में पुरुष फुटबॉल स्पर्धा 30 जनवरी से सात फरवरी तक और महिला फुटबॉल स्पर्धा 29 जनवरी से छह फरवरी तक होगी। मैच हलद्वानी के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर और जिला खेल परिसर में आयोजित किए जाएंगे। दोनों स्पर्धाओं में आठ आठ टीमें खेलेंगी । इसमें मेजबान उत्तराखंड और 77वीं संतोष ट्रॉफी राष्ट्रीय चैम्पियनशिप की सात सर्वश्रेष्ठ टीमें जबकि महिला वर्ग में 28वीं राजमाता जीजाबाई ट्रॉफी राष्ट्रीय चैम्पियनशिप की शीर्ष सात टीमें शामिल हैं। राष्ट्रीय खेलों का आयोजन 28 जनवरी से 14 फरवरी तक होगा।

### माया फाइनल में, सेंथिल सेमीफाइनल में हारे

**नई दिल्ली।** प्रतिभाशाली माया राजेश्वरन रेवती ने एक और अप्रत्याशित जीत दर्ज करके आईटीएफ जूनियर 300 टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि शीर्ष वरीयता प्राप्त सेंथिल कुमार सेमीफाइनल में हार गए। 15 वर्ष की माया ने सेमीफाइनल में फ्रांस की एलीजा इनिसान को 6-4, 6-7, 6-2 से हराया। माया ने आखिरी बार एकल खिताब दिसंबर 2023 में जीता था। सेंथिल को सेमीफाइनल में कोरिया के चौथी वरीयता प्राप्त डोंगियुन हवांग ने 6-4, 6-1 से मात दी।



### समारोह में शामिल होंगे मुंबई के दिग्गज खिलाड़ी

**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट संघ के वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ के मौके पर 19 जनवरी को आयोजित भव्य समारोह में सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर और रोहित शर्मा सहित कई महान क्रिकेटर शामिल होंगे। यह समारोह 12 जनवरी से शुरू होगा। इस मौके पर पूर्व कप्तान रवि शास्त्री, अजिंक्य रहाणे, दिलीप वेंगसरकर, सूर्यकुमार यादव और डायना एडुल्जी के शामिल होने की उम्मीद है। मुख्य समारोह में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के मुंबई के दिग्गज पुरुष और महिला खिलाड़ी भी शामिल होंगे।



### मुश्ताक, इंजमाम पीसीबी हॉल ऑफ फेम में शामिल

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने वर्ष 2024 के लिए चार पूर्व कप्तानों को अपने हॉल ऑफ फेम में शामिल किया है जिनमें मुश्ताक मोहम्मद, इंजमाम-उल-हक, मिस्बाह-उल-हक और सईद अनवर शामिल हैं। मुश्ताक ने 1970 के दशक में पाकिस्तान का नेतृत्व किया था। इंजमाम और मिस्बाह 2004 और 2017 के बीच लंबे समय तक पाकिस्तान के कप्तान रहे। इस दौरान मोहम्मद यूसुफ, शोएब मलिक और यूनिस खान भी कुछ समय के लिए कप्तान रहे। बाएं हाथ के धाकड़ सलामी बल्लेबाज अनवर ने कुछ टेस्ट और वनडे मैचों में पाकिस्तान की कप्तानी की।



### वनडे : पांचवे विकेट के लिए की 84 गेंद में 116 रन की साझेदारी

# भारत ने आयरलैंड को छह विकेट से हराया, प्रतिका-तेजल के अर्धशतक

एजेंसी ▶▶| राजकोट

भारतीय महिला टीम ने शुक्रवार को यहां शुरुआती महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में कम अनुभवी आयरलैंड को 93 गेंद रहते छह विकेट से शिकस्त देकर श्रृंखला में 1-0 से बढ़त हासिल की। 'प्लेयर ऑफ द मैच' रहीं प्रतिका रावल (89 रन) ने अपने अनुभव से अधिक परिपक्व खेल दिखाया जबकि तेजल हसाबनिस (नाबाद 53 रन) ने यादगार वापसी करते हुए पचासा जड़ा। तेजल ने अंतिम वनडे अक्टूबर 2024 में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। प्रतिका और तेजल ने 84 गेंद में 116 रन की भागीदारी की जो जीत में अहम साबित हुई।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम के लिए कप्तान स्मृति मंधाना (41 रन) और प्रतिका ने अच्छी शुरुआत की। प्रतिका की 10 चौके और एक छक्के जड़ित 96 गेंद की पारी और अंत में तेजल की 46 गेंद की नाबाद पारी से भारत ने 34.3 ओवर में चार विकेट पर 241 रन बनाकर आराम से जीत हासिल कर ली। मंधाना ने वेस्टइंडीज श्रृंखला की शानदार फॉर्म जारी रखते हुए तेजी से रन जुटाए। इससे पहले भारत ने आल राउंडर सयाली सतघरे का वनडे पदार्पण कराया। मेजबान टीम ने नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर और तेज गेंदबाज रेणुका ठाकुर को तीन मैच की श्रृंखला में आराम दिया है।




### मंधाना के वनडे में 4000 रन

भारतीय महिला बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने दमदार प्रदर्शन किया और बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। उन्होंने वनडे क्रिकेट में 4000 रन पूरे कर लिए। इस तरह वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में चार हजार वनडे रन बनाने वाली दूसरी भारतीय बल्लेबाज बन गईं। वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में चार हजार रन पूरे करने वाली दुनिया की 15वीं बल्लेबाज बन गईं। अपने करियर का 95वां मुकाबला खेल रहीं मंधाना इस मैच में टीम की अगुआई कर रही हैं। 28 वर्षीय बल्लेबाज ने वनडे में 4000 रन पूरे कर लिए हैं। वह मिताली राज के बाद ऐसा करने वाली दूसरी भारतीय बल्लेबाज हैं। मंधाना के नाम वनडे प्रारूप में 29 अर्धशतक और नौ शतक दर्ज हैं।

**स्कोर बोर्ड**

| आयरलैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सारा का दीप्ति बो साधु | 09 | 15 | 1 | 0 |
| गैबी लुईस का एवं बो दीप्ति | 92 | 129 | 15 | 0 |
| उना रेमंड होई रन आउट | 05 | 10 | 1 | 0 |
| ओर्ला स्ट ऋचा घोष बो प्रिया | 09 | 19 | 1 | 0 |
| लौरा डेलानी बो प्रिया | 00 | 01 | 0 | 0 |
| लियाह पॉल रन आउट | 59 | 73 | 7 | 0 |
| कोल्टर रेली नाबाद | 15 | 26 | 1 | 0 |
| केली पगबाधा बो सतघरे | 28 | 25 | 4 | 0 |
| जॉर्जिना डेम्पसे नाबाद | 06 | 03 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 15, कुल : 50 ओवर में 238/7
गेंदबाजी : साधु 9-1-48-1, सतघरे 10-2-43-1, ठाकोर 10-0-30-0, प्रिया मिश्रा 9-1-56-2, दीप्ति 10-1-41-1, प्रतिका 2-0-14-0.

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मंधाना का प्रेंडरगास्ट बो सार्जेंट | 41 | 29 | 6 | 1 |
| प्रतिका का प्रेंडरगास्ट बो मैगुएरे | 89 | 96 | 10 | 1 |
| देओल का प्रेंडरगास्ट बो मैगुएरे | 20 | 32 | 2 | 0 |
| जेमिमा स्ट रिले बो मैगुएरे | 09 | 06 | 2 | 0 |
| तेजल हसाबनिस नाबाद | 53 | 46 | 9 | 0 |
| ऋचा घोष नाबाद | 08 | 02 | 2 | 0 |

अतिरिक्त : 21, कुल : 34.3 ओवर में 241/4
गेंदबाजी : प्रेंडरगास्ट 4.4-0-28-0, डेम्पसे 5.3-0-50-0, केली 6-0-29-0, सार्जेंट 8-0-38-1, मैगुएरे 8-1-57-3, लौरा 2.2-0-36-0.

### मलेशिया ओपन

# सात्विक-चिराग की जोड़ी खिताब से दो कदम दूर



एजेंसी ▶▶| कुआलालम्पुर

भारत की स्टार जोड़ी सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मलेशिया ओपन में शानदार जीत के साथ सेमीफाइनल में पहुंच गए। सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने इस सुपर 1000 टूर्नामेंट में मलेशिया के यू सिन ओंग और ई यि तियू को 26-24, 21-15 से हराया।

पिछली बार उपविजेता रहे सात्विक और चिराग का सामना दक्षिण कोरिया के वोन हो किम और सियुंग जाए सियू से होगा। पहला गेम बराबरी का रहा जिसमें दोनों जोड़ियों ने एक दूसरे को कड़ी टक्कर दी। भारतीय जोड़ी ने 11-9 की बढ़त बना ली जो 18-16 हो गई लेकिन मलेशियाई टीम ने लगातार तीन अंक लेकर वापसी की और स्कोर 19-19 कर दिया। इसके बाद उन्होंने 20-19 की बढ़त बना ली।

सात्विक और चिराग ने लेकिन लगातार अंक लेकर पहला गेम जीता। दूसरे गेम में मलेशियाई जोड़ी ने मजबूत शुरुआत की लेकिन सात्विक और चिराग ने शानदार वापसी करते हुए 17 में से 13 अंक लेकर जीत दर्ज की।

## पूर्व तेज गेंदबाज आरोन का क्रिकेट से संन्यास

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एक समय भारत के सबसे तेज गेंदबाज रहे वरुण आरोन ने चोटों से कॅरियर प्रभावित रहने के बाद शुक्रवार को क्रिकेट से संन्यास लेने का ऐलान किया जब उनकी टीम झारखंड का विजय हजारे ट्रॉफी में अभियान समाप्त हो गया।




पैतीस वर्ष के आरोन ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। झारखंड की टीम विजय हजारे ट्रॉफी के प्रारंभिक दौर से आगे नहीं जा सकी। आरोन ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'पिछले 20 साल से मैं तेज गेंदबाजी को समर्पित रहा हूं। आज पूरी कृतज्ञता के साथ मैं आधिकारिक तौर पर क्रिकेट से संन्यास ले रहा हूं।' आरोन ने 21 वर्ष की उम्र में 2010-11 विजय हजारे ट्रॉफी में अपना हुनर दिखाया था और गुजरात के खिलाफ फाइनल में 153 किमी की रफ्तार से गेंदबाजी की थी। लगातार 150 की रफ्तार से गेंदबाजी करने वाले आरोन ने इंग्लैंड के खिलाफ 2011 में मुंबई में वनडे में पदार्पण किया। इसके बाद 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया। लेकिन लगातार चोटों से प्रभावित रहने के बाद 2015 के बाद भारत के लिए नहीं खेल सके।

## मोनफिल्स 38 साल की उम्र में खेलेंगे 35वां एटीपी फाइनल

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

गेल मोनफिल्स शुक्रवार को यहां ऑकलैंड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में अमेरिका के निशेष बसवारेड्डी को 7-6 (5), 6-4 से हराकर 38 साल 131 दिन की उम्र में पुरुष एलीट टेनिस टूर के फाइनल में पहुंचने वाले 1990 के बाद दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए।

इवो कार्लोविच के पास एटीपी टूर रिकॉर्ड है, जिन्होंने 2019 में 39 साल, 311 दिन की उम्र में पुणे, भारत में फाइनल में जीत हासिल की थी। मोनफिल्स ने स्टैन वावरिंका को पीछे छोड़ा जिन्होंने 2023 में क्रोएशिया में खेले गए टूर्नामेंट में 38 साल और 124 दिन की उम्र में फाइनल में जगह बनाई थी। कार्लोविच 2017 में 38 साल, 110 दिन की उम्र में डेन बॉश के फाइनल में भी पहुंचे थे। इस रिकॉर्ड में शीर्ष पांच में शामिल अन्य खिलाड़ी रोजर फेडरर (2019 में बेसल में, 38 साल और 80 दिन की उम्र में) और राफेल नडाल (38 साल और 48 दिन की उम्र में 2024 में स्वीडिश ओपन में) हैं। फाइनल में मोनफिल्स का मुकाबला शनिवार को बेल्जियम के ज़िज़ो बर्ग्स से होगा।



### लक्ष्य, गोविंद राष्ट्रीय चैंपियनशिप में जीते

**बरेली।** सेना खेल संवर्धन बोर्ड के गत चैंपियन लक्ष्य चाहर (80 किग्रा) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रेलवे के साहिल को हराकर के पुरुष वर्ग की सीनियर राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के अगले दौर में प्रवेश किया। एशियाई खेल, विश्व चैंपियनशिप और एशियाई चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके चाहर ने इस जीत से दूसरे दौर में जगह बनाई। बुधवार को जम्मू-कश्मीर के मोहम्मद आरिफ पर जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत करने वाले रेलवे के गोविंद साहनी (60 किग्रा) ने असम के गौरव मजूमदार को 5-0 से हराकर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा।



## रियल मैड्रिड और बार्सिलोना में होगा खिताबी मुकाबला

**जेद्दा।** जूड बेलिंगहैम ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एक बार फिर गोल करके रियल मैड्रिड को मैलोर्का पर 3-0 से जीत दिलाकर स्पेनिश सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचाया जहां उसका सामना चिर प्रतिद्वंद्वी बार्सिलोना से होगा। इंग्लैंड के मिडफील्डर बेलिंगहैम ने रियल मैड्रिड की तरफ से स्पेनिश लीग के पिछले आठ मैच में सात गोल किए हैं। उन्होंने सऊदी अरब में खेले जा रहे सुपर कप के सेमीफ़ाइनल के 63वें मिनट में एक और गोल किया। बेलिंगहैम के गोल से शुरुआती बढ़त बनाने वाले रियल मैड्रिड ने इंजरी टाइम में दो गोल किए। मैलोर्का के मार्टिन वालजेंट ने आत्मघाती गोल किया जबकि रोड्रिगो ने रियल मैड्रिड की तरफ से तीसरा गोल दागा।

### भारत के पूर्व क्रिकेटर उथप्पा ने किया बहुत बड़ा खुलासा

## कोहली के कारण खत्म हुआ युवराज का कॅरियर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा ने युवराज सिंह के संन्यास के पीछे अप्रत्यक्ष रूप से विराट कोहली को जिम्मेदार ठहराया है। उथप्पा ने दावा किया कि युवराज सिंह ने कैंसर से ठीक होने के बाद फिटनेस टेस्ट में राहत की मांग की थी, लेकिन तत्कालीन भारतीय कप्तान विराट कोहली ने इसे नहीं माना था।

युवी ने 2007 टी20 वर्ल्ड कप और 2011 वनडे वर्ल्ड कप में भारत को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। 2011 वर्ल्ड कप के बाद युवराज सिंह के कैंसर का उपचार अमेरिका में हुआ। युवराज सिंह ने बाधाओं से पार पाते हुए मैदान पर वापसी की और इंग्लैंड के खिलाफ वनडे मैच में शतक भी ठोका। हालांकि, 2017 चैंपियंस ट्रॉफी के बाद युवी को लगातार राष्ट्रीय टीम से नजरअंदाज किया गया और 2019 में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया। रॉबिन उथप्पा ने एक इंटरव्यू में किस्सों को याद करते हुए कहा कि युवराज सिंह का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा, युवराज सिंह ने कैंसर को मात दी और राष्ट्रीय टीम में वापसी की कोशिश की। वो ऐसे शख्स हैं, जिन्होंने हमें दो वर्ल्ड कप खिताब दिलाए। उन्होंने भारत को दोनों खिताब दिलाने में प्रमुख भूमिका निभाई। जब उस व्यक्ति के लिए, आप कप्तान थे तो आपने कहा कि फेफड़े की क्षमता गुम हो गई है। जब वह संघर्ष कर रहे थे तब आपको उनके साथ होना चाहिए था। मुझे किसी ने यह बात नहीं कही, मैंने खुद ये ऑब्जर्व किया।आपने उन्हें संघर्ष करते देखा और जब आप कप्तान बने तो हां आपको एक स्तर बरकरार रखने की जरुरत है, लेकिन हमेशा नियम में कुछ अपवाद होते हैं।






### शाह को सम्मानित करेगा बीसीसीआई

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड की राज्य इकाइयां बोर्ड की रविवार को यहां होने वाले विशेष आम बैठक से इतर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जय शाह को सम्मानित करेंगी। बीसीसीआई के पूर्व सचिव शाह पिछले साल अगस्त में निर्विरोध चुने जाने के बाद सबसे कम उम्र के आईसीसी चेयरमैन बने। उन्होंने एक दिसंबर को पदभार संभाला। शाह अक्टूबर 2019 से बीसीसीआई सचिव और जनवरी 2021 से एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष थे।शाह बीसीसीआई के नए सचिव और कोषाध्यक्ष के चुनाव के लिए बुलाई गई एसजीएम में विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे।








# दुनिया याद रखेगी ये अनोखा काम! कारोबारी ने बेटी की सगाई में किया कुछ ऐसा...सब हैरान

राजकोट। राजकोट के जाने-माने व्यवसायी और परोपकारी मौलेशभाई उकानी ने अपनी बेटी की सगाई को यादगार बनाने के लिए एक खास योजना बनाई है। उनकी बेटी की सगाई 11 जनवरी को होनी है। इस खास मौके के लिए उन्होंने 12.5 एकड़ के क्षेत्र में 'वृन्दावन धाम' की स्थापना की है, जो ईश्वरीय द्वारकाधीश फार्म, कालवाड रोड पर स्थित है। सगाई में आने वाले प्रत्येक मेहमान के नाम पर एक पेड़ लगाया जाएगा। मौलेशभाई ने बताया कि करीब 5000 मेहमान इस आयोजन में शामिल होंगे और प्रत्येक मेहमान के नाम का एक पेड़ लगाया जाएगा। पेड़ों पर मेहमानों के नाम लिखे जाएंगे और उनकी देखभाल का पूरा ख्याल रखा जाएगा। हर तीन महीने में पेड़ों की वृद्धि की रिकॉर्डिंग की जाएगी और इसकी जानकारी संबंधित मेहमानों को भेजी जाएगी।



## पर्यावरण बचाने का अनूठा संदेश



मौलेशभाई ने बताया कि पेड़ लगाना सिर्फ एक रिवाज नहीं है, बल्कि पर्यावरण बचाने की दिशा में एक छोटी सी कोशिश है। उन्होंने कहा, 'जीवन में अच्छे और बुरे पल आते रहते है। यदि हम हर खास मौके पर एक पेड़ लगाएं, तो पर्यावरण को बचाने में मदद मिलेगी। यदि गुजरात का हर व्यक्ति ऐसा सोच ले, तो सालभर में 25 करोड़ पेड़ लगाए जा सकते है। अगले पांच साल में यह संख्या 125 करोड़ तक पहुंच सकती है, और गुजरात स्वर्ग बन सकता है।'

## नाथद्वारा से आएगी ध्वजा

मौलेशभाई, जो बैन लैब के प्रबंध निदेशक और उमियाधाम सिदसर के अध्यक्ष हैं, ने बताया, 'राजकोट के नाथद्वारा से 7-9 जनवरी के बीच ध्वजा लाई जाएगी, जिसे वृन्दावन धाम में आरोहित किया जाएगा। यह ध्वजा हर किसी के लिए आकर्षण का केंद्र होगी।'

## समाज को दिया जागरुकता का संदेश

मौलेशभाई उकानी ने समाज और पर्यावरण के उत्थान की दिशा में यह पहल की है। उनकी यह सोच न केवल उनकी बेटी की सगाई को यादगार बनाएगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम भी है।

## समाजसेवा का आदर्श उदाहरण

मौलेशभाई ने अपनी बेटी की सगाई के जरिए पर्यावरण संरक्षण और समाज को जागरूक करने का जो प्रयास किया है, वह सचमुच सराहनीय है। यह पहल न केवल शादी और सगाई जैसे खास मौकों को अनोखा बनाने का उदाहरण है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा भी है।

# 8 लाख का इनामी था आईईडी एक्सपर्ट कोरसा महेश, मारे गए नक्सलियों की हुई शिनाख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





सुकमा जिले के पालीगुड़ा-गुंडराजगुड़ेम मुठभेड़ में मारे गए तीनों माओवादियों की शिनाख्त हो गई है। इनमें 8 लाख का इनामी आईईडी एक्सपर्ट कोरसा महेश के अलावा 5-5 लाख के एसीएम माडवी नवीन उर्फ कोसा और अवलम भीमा शामिल है।

■ बेदरे व जगरगुण्ड़ा क्षेत्र में हुए कई वारदातों का था मास्टर माइंड

मुठभेड़ स्थल से बीजीएल लांचर, 12 बोर बंदूक, टिफिन बम, बीजीएल सेल व भारी मात्रा में विस्फोटक व नक्सली सामग्री बरामद किए गए हैं।

आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि मुठभेड़ स्थल की सर्चिंग में तीन नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। इनमें दक्षिण बस्तर डिविजन एवं पीएलजीए बटालियन क्रमांक एक का आईईडी एक्सपर्ट महेश के साथ माडवी नवीन उर्फ कोसा एसीएम पश्चिम बस्तर व अलवम भीमा एसीएम जोनागुडा के रूप में पहचान हुई है। तीनों पर 18 लाख रुपए का इनाम घोषित था। घटनास्थल से 2 बीजीएल लांचर, एक 12 बोर रायफल सहित भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, नक्सल साहित्य एवं अन्य दैनिक उपयोगी सामान बरामद किया गया है।

## सीआरपीएफ के एसआई सुधाकर रेड्डी की हत्या समेत कई संगीन मामले में थे शामिल

मारे गए हार्डकोर माओवादी डिप्टी कमाण्डर पूर्व में पीएलजीए बटालियन नंबर 1 का सक्रिय सदस्य कोरसा महेश आईईडी एक्सपर्ट था और कई घटनाओं में शामिल था। इनमें 17 दिसंबर 2023 को जगरगुण्डा थाना क्षेत्र के कैम्प बेदरे के नजदीक सीआरपीएफ के सब इंस्पेक्टर सुधाकर रेड्डी की हत्या, 23 जून 2024 को थाना जगरगुण्डा क्षेत्र के सिलगेर-टेकलगुड़ेम के मध्य तिमापुरम के पास सीआरपीएफ के ट्रक वाहन को आईईडी ब्लास्ट जिसमें सीआपीएफ के दो जवान शहीद हुए थे। इसके अलावा 3 नवंबर 2024 को जगरगुण्डा के साप्तहिक बाजार में 2 पुलिसकर्मी पर जान लेवा हमला कर हथियार लूटने की घटना, 28 दिसंबर 2024 को थाना पोलमपल्ली क्षेत्र के गोरगुण्डा एवं पोलमपल्ली के पास सुरक्षाबलों को बड़ा नुकसान पहुंचाने आईईडी प्लांट करने में मास्टर माइंड कोरसा महेश शामिल था।

## नक्सल विरोधी अभियान में बढ़त बनाने प्रयास जारी

आईजी ने बताया कि सुकमा व बीजापुर के सरहदी क्षेत्र पालीगुड़ा एवं गुंडराजगुडेम के जंगल में पीएलजीए लड़ाकों व दक्षिण बस्तर डिविजन कमेटी के नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर बुधवार को आपरेशन लांच किया गया था। सर्चिंग के दौरान गुरूवार सुबह 10 बजे नक्स्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों को निशाना बनाते हुए फायरिंग शुरू कर दी गई। जवानों ने भी तत्काल मोर्चा संभालते हुए जवाबी कार्रवाई की जिसमें तीन पुरुष माओवादियों को मार गिराया गया। आईजी ने बताया कि वर्ष 2024 में नक्सल विरोधी अभियान में प्राप्त बढ़त को आगे बरकरार रखते हुए वर्ष 2025 में भी प्रतिबंधित और गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के विरुद्ध अभियान जारी है। बीते छह दिनों में आठ हार्डकोर माओवादियों के शव बरामद किया गया है। इसके साथ सुरक्षा बल द्वारा मजबूत मनोबल एवं स्पष्ट लक्ष्य के साथ बस्तर क्षेत्र की शांति, सुरक्षा व विकास के लिए समर्पित होकर कार्य किया जा रहा है।

# व्हीलचेयर पर घूम लिए 14 देश शख्स ने कर दिखाया असंभव काम!




नई दिल्ली। भारत के लोग हर परिस्थिति में हिम्मत रखना और जिंदगी को ऊर्जा के साथ जीना जानते हैं, इसी वजह से वो पर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करते हैं। भारतीय लोग अपनी कमजोरी को ताकत बनाना भी जानते हैं। इस बात का सबूत है भारत का एक ये शख्स, जो अपाहिज है, पर उसके जज्बे को पंख लगे हैं और वो उसके भरोसे दुनिया के मुश्किल से मुश्किल कामों को भी आसानी से कर जाता है।अब इस शख्स ने एक अनोखा काम किया है, जो दूसरों के लिए असंभव लगता है। इस शख्स ने व्हीलचेयर पर बैठकर 14 देशों की यात्रा कर ली। बिना किसी के सहारे उसने इस कीर्तिमान को हासिल किया है।










# लग्जरी लाइफ जी रहे इस शहर के ऊंट, पीते हैं दूध-घी, खाते हैं काजू-बादाम



बीकानेर। कहते हैं कि ऊंट के मुंह में जीरा, लेकिन यह कहावत अब ऊंटों के लिए नहीं रही है, बल्कि अब ऊंटों के मुंह में दूध, घी, तेल और काजू, बादाम है। सुनने में भले अजीब लग रहा हो, लेकिन बीकानेर में इन दिनों ऊंटों की मौज हो रखी है। यहां ऊंट सर्दियों में स्पेशल डाइट प्लान पर है। सर्दी के अलावा अंतरराष्ट्रीय कैमल फेस्टिवल का मौका भी है। इस फेस्टिवल को लेकर कई ऊंट पालक अपने ऊंट को अच्छा दिखने और स्टेमिना बढ़ाने के लिए ऊंटों को चारा के अलावा गाय का देशी दूध, घी और काजू, बादाम दे रहे हैं, जिससे ऊंट काफी अच्छे दिखे।

ऊंट पालक समीर खान ने बताया कि हमारा परिवार करीब तीन पीढ़ियों से ऊंट पालक का काम कर रहा है। ऊंट को काफी समय से तैयार कर रहे हैं। यहां ऊंट को स्पेशल डाइट दे रहे हैं। सुबह और शाम 10 किलो मोठ और मूंगफली का चारा देते हैं। पिछले एक से डेढ़ माह ऊंट को दूध, घी दे रहे हैं। रोजाना सुबह और शाम ऊंट को 2 किलो दूध, 300 ग्राम घी दे रहे हैं। इसके अलावा सेहत के अनुसार तेल भी दे रहे हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com